हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 24 जून 2026



# मनमुताबिक किताबों से पढ़ाई, तय दुकान से मंगवा रहे ड्रेस, स्कूलों पर एक्शन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के निजी स्कूलों में नए शिक्षा सत्र की शुरूआत के साथ ही पालकों की जेब पर डाका डालने का खेल दोबारा शुरू हो चुका है। शासन के कड़े निर्देशों के बाद भी जिले में निजी स्कूल प्रबंधन अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। बच्चों को महंगी और मनमुताबिक प्रकाशकों की किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यही नहीं स्कूल प्रबंधन द्वारा तय की गई विशेष दुकानों से ही ड्रेस, जूते और कॉपियां मंगवाई जा रही है। जिससे पालकों को बाजार से दोगुनी कीमत पर सामग्री खरीदनी पड़ रही है।

इस पूरी मनमानी के सामने आने के बावजूद जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग अब तक मूकदर्शक बना हुआ है और जमीनी स्तर पर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है। राज्य शासन ने प्रदेश के सभी जिला प्रशासनों और शिक्षा महकमे को स्पष्ट आदेश जारी किए थे कि वे अपने स्तर पर सभी निजी स्कूलों की बैठक बुलाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त एक्शन लें। इन नियमों के तहत सभी सीबीएसई स्कूलों को अनिवार्य रूप से केवल एनसीईआरटी की किताबों को प्राथमिकता देने कहा गया है। इसके साथ ही कोई भी निजी स्कूल एक सत्र में अपनी फीस में आठ फीसदी से अधिक की बढ़ोत्तरी नहीं कर सकता है, लेकिन जिले में इन दोनों ही प्रमुख नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। पालकों का आरोप है कि स्कूल हर साल मनमाने ढंग से फीस बढ़ा रहे हैं और भारी कमीशन के चक्कर में निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें थोप रहे हैं।

## प्रदेश सरकार के निर्देश बाद भी जिले में अब तक कोई एक्शन नहीं

### प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबों से पढ़ाई

शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूलों में सिर्फ एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की पुस्तकें ही लागू की जानी चाहिए, ताकि पालकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। इसके अलावा किसी भी शैक्षणिक सत्र में स्कूल फीस वृद्धि की सीमा अधिकतम आठ प्रतिशत तय की गई है। इससे ज्यादा बढ़ोत्तरी करने पर प्रबंधन के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।



### पालकों की मजबूरी

राजनांदगांव के पीड़ित पालकों का कहना है कि स्कूलों ने शहर के चुनिंदा दुकानों से सांठगांठ कर रखी है। उन निर्धारित दुकानों के अलावा वह ड्रेस या किताबें पूरे बाजार में कहीं और नहीं मिलती है। अगर प्रशासन जल्द ही इन दुकानों और स्कूलों के गठजोड़ पर एक्शन नहीं लेता है, तो पालकों का आक्रोश सड़कों पर नजर आ सकता है। पालकों का आरोप है कि जिस एक दुकान से ड्रेस लेने कहा जा रहा है, वहां खराब क्वालिटी की ड्रेस हजार से डेढ़ हजार रुपए में बेची जा रही है।

### जांच के बाद भी चुप्पी

मिली जानकारी के अनुसार जिले में करीबन दो दर्जन स्कूलें सीबीएसई से मान्यता प्राप्त है। इनमें अधिकांश स्कूल शहर में स्थित है। जिले के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बैठकों में निजी स्कूलों को चेतावनी तो दी गई है और जांच में गड़बड़ियां भी मिली है, लेकिन अब तक एक भी बड़े स्कूल पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन की इस ढीली कार्यप्रणाली के कारण ही स्कूल संचालक बिना किसी डर के अपनी मनमानी चला रहे हैं।

## जरूरत अनुसार नगद नहीं मिलने से किसानों की बढ़ी परेशानी

# बैंकों में फंड की किल्लत से बेहाल अन्नदाता, चक्कर काटने हुए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत आने वाले राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ और मोहला-मानपुर जिलों में इन दिनों खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच किसान बेहद परेशान हैं। खेतों में बुवाई और खाद-बीज की व्यवस्था के लिए किसानों को जिस नगद ऋण की सबसे ज्यादा दरकार है, वही उन्हें समय पर नहीं मिल पा रहा है। हालात यह हो गए हैं कि किसानों को अपनी ही पात्रता की नगद राशि हासिल करने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक की शाखाओं और सोसाइटियों के दो से तीन बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

इस पूरी अव्यवस्था के पीछे सबसे बड़ी वजह जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक द्वारा अपनी जमीनी शाखाओं को पर्याप्त फंड उपलब्ध न करा पाना बताया जा रहा है। बैंक शाखाओं के पास कैश की कमी होने के कारण वे किसानों को एकमुश्त नकद राशि देने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। जिससे ग्रामीण इलाकों में रोष बढ़ता जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार इन चार जिलों में करीबन 1274 करोड़ रुपए नगद ऋण वितरण का टारगेट तय किया गया है। जिसमें से अब तक 895 करोड़ रुपए का ही नगद ऋण वितरण किया गया है।




### खैरागढ़ और मोहला-मानपुर का हाल

खैरागढ़ जिले में कुल 273 करोड़ रुपए के नगद ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया था। जिसके एवज में अब तक सिर्फ 192.76 करोड़ रुए बांटे जा सके हैं। सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति मोहला-मानपुर जिले की है, जहां 112 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले अब तक केवल 39.02 करोड़ रुपए का नगद ऋण ही वितरित हो पाया है, जो लक्ष्य के आधे से भी बहुत कम है। नगद ऋण वितरण के मामले में सबसे पिछड़ा हुआ एमएमसी जिला ही है।

### राजनांदगांव और कवर्धा की स्थिति

राजनांदगांव जिले में इस साल किसानों को कुल 399 करोड़ रुपए का नगद ऋण बांटने का लक्ष्य तय किया गया था, लेकिन फंड की सुस्त रफ्तार के कारण अब तक महज 240.25 करोड़ रुपए का ही वितरण हो सका है। वहीं कवर्धा जिले में स्थिति थोड़ी बेहतर तो है, लेकिन लक्ष्य से अब भी दूर है। कवर्धा में कुल 490 करोड़ रुपए के नगद ऋण वितरण के मुकाबले अब तक 423.26 करोड़ रुपए ही किसानों की जेब तक पहुंच पाए हैं।

### कैश फ्लो धीमा ही वजह

सहकारी बैंक के सूत्रों का कहना है कि मुख्यालय से ही नगद राशि का प्रवाह कम होने के कारण शाखा प्रबंधक मजबूर हैं। वे रोजाना आने वाले कैश को सभी किसानों में थोड़ा-थोड़ा बांटने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि कोई खाली हाथ न लौटे, लेकिन इस व्यवस्था से किसानों की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही है। अगर आने वाले दिनों में फंड की किल्लत दूर नहीं की गई, तो किसानों में आक्रोश देखने को मिल सकता है।

**खेती के लिए नगद की जरुरत:** मानसून के दस्तक देने के साथ ही किसानों को खेतों की जुताई, कल्टीवेटर चलाने और मजदूरों को एडवांस भुगतान करने के लिए नगद पैसों की जरूरत होती है। सहकारी बैंक की शाखाओं में सुबह से ही किसानों की कतारें लग रही हैं, लेकिन घंटों इंतजार करने के बाद भी कई किसानों को बैरंग लौटना पड़ रहा है या फिर उन्हें बहुत कम राशि देकर अगली बार आने को कह दिया जाता है। दूर-दराज के गांवों से किराया लगाकर आने वाले छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह स्थिति आर्थिक और मानसिक दोनों रूप से प्रताड़ित करने वाली साबित हो रही है। बैंकों का चक्कर काटने में किसानों का कीमती समय बर्बाद हो रहा है। जिसका सीधा असर खेती-किसानी के कामों पर पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन और बैंक प्रबंधन से मांग की है कि खेती के इस पीक सीजन में सोसाइटियों और बैंकों में पर्याप्त नगद राशि की उपलब्धता तुरंत सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिल सके और वे बिना किसी चिंता के अपनी खेती समय पर पूरी कर सकें।

## अध्यक्ष सहित पार्षदों ने ली शपथ

# नोहेन्द्र बने नपं के नए उपाध्यक्ष

### उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को मिले 11 मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत के चुनाव परिणाम चार जून को सामने आने के बाद मंगलवार को अध्यक्ष सहित पार्षदों के शपथ ग्रहण करने का आयोजन भी कर लिया गया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उपस्थिति में हुए शपथ ग्रहण समारोह से भाजपा पार्षदों ने दूरी बनाए रखी और अपनी शपथ भी एक बंद कमरे में ली। इधर शपथ ग्रहण समारोह के बाद उपाध्यक्ष पद को लेकर चुनावी प्रक्रिया की गई। जिसमें भाजपा के प्रत्याशी रहे नोहेन्द्र सिन्हा ने 11 वोट हासिल कर जीत दर्ज की और नपं के उपाध्यक्ष बन गए।

मिली जानकारी के अनुसार घुमका नगर पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के शपथ का आयोजन मंगलवार को तय किया गया था। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को बुलाया गया था। आयोजन में अध्यक्ष फूलमती वर्मा सहित चार कांग्रेसी पार्षदों ने अपनी शपथ ली। वहीं 10 भाजपा पार्षद सहित एक निर्दलीय पार्षद ने इस आयोजन से दूरी बनाए रखी। शपथ के बाद दोपहर दो बजे से उपाध्यक्ष पद को लेकर चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई। नामांकन, नाम वापसी और मतदान के बाद करीबन चार बजे मतगणना की गई। जिसमें भाजपा प्रत्याशी नोहेंद्र सिन्हा 11 मत हासिल कर विजयी हुए।






### निर्दलीय ने भी दिया साथ

उपाध्यक्ष पद को लेकर तीन बजे शुरू हुई प्रक्रिया में दो पार्षदों ने अपने नामांकन जमा किए थे। जिसमें भाजपा से नोहेन्द्र सिन्हा एवं कांग्रेस से रामचंद्र वर्मा शामिल थे। भाजपा प्रत्याशी नोहेन्द्र सिन्हा को 10 भाजपा पार्षदों के साथ ही एक निर्दलीय पार्षद का भी साथ मिला। वहीं कांग्रेस ने उपाध्यक्ष पद के लिए अपनी तरफ से रामचंद्र वर्मा को प्रत्याशी बनाया था, जिन्हें मतदान के बाद पश्चात कुल पांच वोट ही मिले।

### दोनों दलों से दिग्गज रहे मौजूद

घुमका में हार का सामना करने वाली भाजपा उपाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया में कोई भी ढिलाई नहीं करना चाहती थी। यही कारण था कि 10 पार्षद होने के बावजूद क्रॉस वोटिंग से बचने जिला भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति घुमका में बनी हुई थी। इनमें जिला अध्यक्ष से लेकर कोषाध्यक्ष सहित अन्य नेता शामिल थे। वहीं कांग्रेस की तरफ से भी स्थानीय विधायक सहित अन्य दिग्गज नेताओं की उपस्थिति घुमका में रही।

## खबर संक्षेप

### जिले में आज 54.5 मिमी बारिश

**राजनांदगांव।** जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 112.3 मिमी बारिश एवं औसत 16 मिमी बारिश दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 13.7 मिमी, एलबी नगर में 8.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 59.3 मिमी, घुमका में 14 मिमी, छुरिया में 2.2 मिमी, कुमरदा में 4 मिमी, डोंगरगांव में 10.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव में 59.3 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 54.5 मिमी एवं औसत 7.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ में 13.5 मिमी, एलबी नगर में 7.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 25.7 मिमी, घुमका तहसील में 1 मिमी, छुरिया तहसील में 1 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 5.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### मॉय एंगल




# शराब पीने पैसे नहीं देने पर मारपीट, लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर युवक से मारपीट एवं लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस के मुताबिक छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी शत्रुहन यादव 40 वर्ष निवासी जमातपारा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 जून को शराब भट्ठी छुईखदान के पास आरोपी राहुल कुंभकार एवं दो विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा शराब पीने के लिए पैसे की मांग की गई। पैसे नहीं देने पर तीनों आरोपियों ने एक राय होकर प्रार्थी के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की तथा बाएं हाथ में धारदार चाकूनुमा वस्तु से हमला कर हाथ पर चोंट पहुंचाया। इसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी की पैंट की जेब से नगदी राशि निकालकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में धारा 118(1), 119(1), 304(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी राहुल कुंभकार 21 वर्ष को 22 जून को विधिवत गिरफ्तार कर जेएमएफसी न्यायालय छुईखदान में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को उपजेल सलोनी भेजा गया। वहीं दो विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

### नगदी व चाकू बरामद

प्रकरण की गंभीरता को देखते वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा तत्काल आरोपियों की तलाश की गई। आरोपी राहुल कुंभकार एवं दो विधि से संघर्षरत बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने घटना करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से 300 रुपए नगद एवं घटना में प्रयुक्त एक लोहे का चाकू बरामद कर जब्त किया गया।

# पिकअप में मवेशी तस्करी, पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पिकअप वाहन में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर महाराष्ट्र की ओर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।



पुलिस के अनुसार गातापार थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 जून को थाना गातापार में मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति 3 भैसों और एक पड़वा को एक पिकअप वाहन में ठूंसकर रस्सी बांधकर बिना चारा-पानी के महाराष्ट्र की ओर कत्लखाने ले जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बताए गए स्थान पर नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद एक पिकअप वाहन 3 भैसों और एक पड़वा को क्रूरतापूर्वक लोड किया आ रहा था। रोककर वाहन में सवार लोगों से पूछताछ करने पर अपना नाम गुलशन साहू 23 साल ग्राम छिपली धमतरी, रेयन कुमार बघेल 19 साल निवासी ग्राम मगरलोड धमतरी बताया। आरोपियों से मवेशी को कहां ले जाने के संबंध में पूछताछ करने पर बताया गया कि आगे जा रही ब्रेजा कार में बैठे व्यक्ति के साथ लांजी होते हुए महाराष्ट्र ले जाना बताया गया। ब्रेजा कार को रोककर उसमें सवार से पूछताछ करने पर अपना नाम टिकम वर्मा 18 साल 6 माह निवासी चंद्रखुरी मुनगी रायपुर बताया।

### पिकअप, कार व मोबाइल जब्त

आरोपी से मवेशियों के खरीदी-बिक्री एवं परिवहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किन्तु वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच के दौरान आरोपी द्वारा 3 भैसों और एक पड़वा को रस्सियों से बांधकर तथा डंडे से मारते-पीटते हुए बिना चारा-पानी के ले जाना पाया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 नग भैंस एवं 4 नग रस्सी, पिकअप, एक नग सफेद रंग का ब्रेजा कार, 4 नग मोबाइल जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना गातापार में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 तथा पशुओं के प्रतिक्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11 के तहत कार्रवाई की गई है।

## नवपदस्थ प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों की आईजी ने ली बैठक

# बेसिक पुलिसिंग के सभी आयामों को सीखें: आईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के मीटिंग हॉल में नवपदस्थ प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों की बैठक ली गई। इस दौरान पुलिस के प्रारंभिक प्रशिक्षण को सीखने के लिए प्रेरित किया गया।

बैठक में जिला राजनांदगांव के सभी 13 नवपदस्थ प्रशिक्षु उप निरीक्षकों सहित जिला कबीरधाम के 12, मोहला-मानपुर-अं. चौकी के 6 एवं जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के 9 कुल 40 प्रशिक्षु उप निरीक्षकों का परिचयात्मक एवं उनके प्रशिक्षण कार्य के संबंध में बैठक लिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम अमित पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अं. चौकी पीतांबर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई नितेश गौतम भी उपस्थित रहे।



### चुनौतियों से निपटने पर दी जानकारी

अपने उद्बोधन के दौरान पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज द्वारा वर्तमान में बेसिक पुलिसिंग के सभी आयामों को सीखते जो नवीन एवं डिजिटल कार्य पुलिस विभाग में आ रहे हैं। जिसमें नेटग्रिड, क्राईमेक, मेडलीपार, सीसीटीएनएस, ई-साक्ष्य, ई-मालखाना, ई-रोजनामचा, ई-चार्जशीट, आईसीजेएस इत्यादि के संबंध में व्यवहारिक उपयोग करना सीखें, स्वयं को डिजिटली लिटरेट करें। भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों का व्यवहारिक अनुपालन करना सीखें एवं नक्सलवाद के काले अध्याय के समाप्ति के बाद साइबर क्राईम से संबंधित चुनौतियों से निपटने के विषयों पर जानकारी प्रदाय किया गया।

### निर्धारित कार्य समयावधि में करें पूर्ण

बैठक के दौरान उप निरीक्षकों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ पुलिस के प्रारंभिक प्रशिक्षण को सीखने के लिए प्रेरित करते प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत निर्धारित कार्य जिसमें बीट आरक्षक, संत्री ड्यूटी, मुल्जिम पेशी, प्रधान आरक्षक गश्ती, प्रधान आरक्षक मोहर्रिर, प्रधान आरक्षक मालखाना, लोक अभियोजन (संबद्धता), जिला विशेष शाखा, एमएलसी, एफएसएल कार्य, न्यायालयीन कार्य, जेल संबंधी कार्य एवं थाना प्रभारी का स्वतंत्र प्रभार इत्यादि के कार्य सम्मिलित हैं, जिन्हें निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने और रजिस्टर में अपनी हस्तलिपि से प्रविष्टी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# रेत के अवैध उत्खनन पर 14 लाख 35 हजार की अर्थदंड राशि जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज अमला राजनांदगांव एवं टास्क फोर्स समिति द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।



खनिज अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के 43 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है और 14 लाख 35 हजार रुपए अर्थदण्ड राशि जमा कराई गई है। जिसमें अवैध उत्खनन के 8 प्रकरणों में 4 लाख 51 हजार 800 रुपए, अवैध परिवहन के 33 प्रकरणों में 8 लाख 41 हजार 400 रूपए एवं अवैध भण्डारण के 2 प्रकरणों में 1 लाख 41 हजार 800 रुपए अर्थदण्ड राशि जमा कराई गई है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गश्त व निगरानी की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### मुलाकात कर जन्मदिन की दी बधाई



**डोंगरगांव।** उद्योगपति और समाजसेवी जनाब बहादुर अली के जन्मदिन के मुबारक मौके पर जिला महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष और सीए हिना मंगल जैन ने परिजनों के साथ मुलाकात कर बधाई दी। इस मौके पर राजकुमार जैन, राहुल जैन आदि मौजूद थे।

### मनोज को डाक्टरेट की उपाधि

**टेड़ेसरा।** हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग ने होनहार विद्यार्थी मनोज साहू को



राजनीति विज्ञान विषय में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान किया है। उन्होंने अपना शोध बीआर अंबेडकर महाविद्यलय डोंगरगांव की सेवानिवृत्त प्राचार्य डां बीएन मेश्रामके निर्देशन में पूरा किया। सहनिर्देशक सहायक प्राध्यापक डॉ. आयशा अहमद थे। इंदावानी निवासी मनोज साहू गांव के पहले पीएचडी उपाधि धारक है। इस उपलब्धि के लिए क्षेत्रवासियों ने उन्हे बधाई दी है।

### मान्यता नहीं मिलने से युवाओं को नुकसान

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने पांच नए मेडिकल कॉलेजों को



राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से मान्यता नहीं मिलने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इसका सीधा नुकमान युवाओं को होगा। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि करोड़ों खर्च करने के बाद भी नए मेडिकल कॉलेज मानकों को पूरा नहीं कर सके है। इंफ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी, चिकित्सकीय उपकरणों आदि की कमी के कारण मान्यता न मिलना चिकित्सा शिक्षा विभाग की लापरवाही को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं कर लिया जाता तो प्रदेश को 250 अतिरिक्त मेडिकल सीटें प्राप्त होती जिससे छात्र-छात्राओं को डॉक्टर बनने का मौका मिलता। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के बाद सीटों और प्रवेश के अवसरों पर संकट खड़ा होना चिंताजनक है। उन्होंने कमियों को दूर कर मेडिकल कॉलेजों को शीघ्र मान्यता दिलाने के लिए कार्ययोजना बनाने की मांग की है।

### नाली नहीं होने से गंदे पानी का जमाव

**अंबागढ़ चौकी।** मोहला रोड में नाली नहीं होने के कारण कुछ परिवारों को परेशान होना पड़ रहा है। वार्ड 14 निवासी ब्रम्हुलाल कोरेटिया के घर की दीवार के बाजू में शहर का गंदा पानी इकठ्ठा रहा है। बारिश के दिनों में घर के आसपास तालाब जैसा लबालब पानी भर जाता है। सांप, बिच्छु आदि भी घर में घुस जाते हैं। नाली निर्माण के लिए नगर पंचायत में कई बार आवेदन दिया जा चुका है किन्तु अब तक नाली का निर्माण नहीं हो सका है। गंदे पानी के जमाव से परेशान मोहल्लेवासी उपेक्षा को देखते हुए आंदोलन करने का मूड बना रहे हैं। इस संबंध में सीएमओ श्री पांडेय ने बताया कि नगर पंचायत के पास पर्याप्त फंड नहीं है। निर्माण संबंधी जो भी आवेदन आते है उन्हे बैठक में निर्णय लेने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए राज्य शासन को भेज दिया जाता है।

### सेंट विन्सेंट स्कूल में योगाभ्यास

**डोंगरगढ़।** सेंट विंसेंट पल्लोटी इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। अतिथि के रूप में डीसी येड़े, विश्वनाथ यादव, श्रीनिवास जनबंधु, अशोक शेंडे एवं उज्जैन वर्मा मौजूद



थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को योग के महत्व बताते हुए नियमित अभ्यास करने प्रेरित किया। विद्यालय के डायरेक्टर फादर मुक्ति प्रकाश किस्पोट्टा, प्राचार्य फादर अमित तिग्गा एवं होस्टल एडमिनिस्ट्रेटर फादर रवि कंदुलन्ना के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर सुनील कदम, संदीप श्रीवास, निवास राव, जून फ्रांश, पुष्पा लारेंस, नैन्सी कुजूर, रानी मारिया, रितुसिंह, कर्मेला, शालेट, सुमंती माझी, छंदा नाथ, शिखा रामटेके, जोशफिना डेविड, पिंकी ठाकुर, वी मंजुला, महेश बराफ, मुमताज खान, लखबीर, रितेश सक्सेना, क्रिस्टोफर, परसनाथ सिंह, सोहन श्रीवास, राहुल, विमल, पिंटू, इरशाद खान एवं गुंजा सिन्हा उपस्थित थे। संचालन दर्श सहारे ने किया।

### बुढ़ानछापर में बोर खनन



**डोंगरगढ़।** ग्रामीणों की मांग पर बुढ़ानछापर में बोर खनन कराया गया। जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी, जनपद सभापति थनवार मंडावी, सरपंच रेखा सिन्हा एवं पंचों ने भूमिपूजन कर कार्य की शुरूवात की।

### सहकारी बैंक का भवन निर्माण दो साल से लंबित

**डोंगरगढ़।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के भवन का निर्माण लगभग दो वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो सका है। भवन के लिए शासन से लगभग 39 लाख की स्वीकृति मिलने के बाद भूमि संबंधी समस्या के कारण निर्माण लंबित है। जानकारी के अनुसार प्रस्तावित भूमि को भवन के लिए अनुपयुक्त पाया गया। संबंधित स्थल पर अतिक्रमण पाया गया है जिसके चलते निर्माण आगे नहीं बढ़ सका है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कलेक्टर से वैकल्पिक भूमि आबंटित करने का अनुरोध किया है, ताकि भवन निर्माण प्रारंभ किया जा सके। भवन के अभाव में बैंक की शाखा वर्तमान में 19,400 रुपए प्रतिमाह किराए के भवन में संचालित हो रही है। बैंक को हो रहे नुकसान को देखते हुए भवन निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### ट्रेड यूनियन के उपाध्यक्ष बने रविन्द्र

**डोंगरगढ़।** जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल ने संगठन विस्तार और श्रमिक हितों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रविन्द्र रामटेके को राज्य उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश शर्मा ने नियुक्ति पत्र जारी कर श्री रामटेके को आगामी आदेश तक संगठन की जिम्मेदारियों का निर्वहन करने कहा है। उन्हे उपाध्यक्ष बनाने के साथ छत्तीसगढ़ कौशल विकास प्रकोष्ठ तथा नई दिशा कॉन्ट्रैक्क्रुअल वर्कर्स यूनियन सेक्टर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन से संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। श्रमिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

## जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# नपं ने बना दी सड़क से ऊंची नाली, अब हो रहा पानी जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के वार्ड 4 में विकास कार्य के नाम पर एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहा बरती गई लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। वार्ड में लगभग 5 लाख 82 हजार की लागत से बनाई गई नाली मुसीबत का सबब बन गई है।

वार्ड में बहुरसिंग सोनी के घर से बहुरन यादव के घर तक नाली निर्माण विनायक कंस्ट्रक्शन के माध्यम से कराया गया है। इस निर्माण की सबसे बड़ी खामी यह रही कि नाली के ऊपर ही स्लैब डालकर नाली बना दी गई जिसके कारण नाली की दीवार सड़क से काफी ऊंची हो गई। अब स्थिति यह है कि बारिश का पानी नाली में जाने के बजाय सड़क पर जमा होने लगा है।

### नागरिकों को आवाजाही में हो रही परेशानी



### जांच करने कहा गया

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि इंजीनियर को स्थल निरीक्षण करने कहा गया है। जल्द ही पानी निकासी की व्यवस्था किया जाएगा।

### नपं की कार्यप्रणाली विवादों के घेरे में

नगर पंचायत गंडई की कार्यप्रणाली पहले भी कई बार सवालों के घेरे में रही है, चाहे वह कुएं पर मंच निर्माण, गैर-जरूरी स्थानों पर चेकर टाइल्स लगाने, सड़क का कम निर्माण कर ठेकेदार को पूरा भुगतान करने का मामला हो। अधिकांश कार्यों में भर्राशाही देखने मिल रही है। अब इस नाली ने एक बार फिर इंजीनियरों और जिम्मेदार अधिकारियों की देखरेख पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। समय रहते जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में पूरी सड़क क्षतिग्रस्त हो जाएगी और जनता को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

### निकासी का रास्ता बंद

वार्ड के निवासियों का कहना है कि जल निकासी के लिए उचित प्रबंध नहीं किया गया है। बारिश होने पर सड़क पर तालाब जैसे हालात बन जाते है और राहगीरों और वाहन चालकों को भारी मशक्कत करना पड़ता है। बारिश का पानी लागातार जमा रहने से सड़क के खराब होने की आशंका बढ़ रही है।

# अवैध ईंट भट्टों पर खनिज विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिचोला

अंचल के ग्राम चिचोला, छुरिया, चिरचारी, झिझांरी, बिसाहूटोला, खुबाटोला में नियमों को ताक पर रखकर अवैध ईट भट्टो का संचालन किया जा रहा है। ईंट बनाने के लिए मिट्टी की खुदाई और पकाने के लिए लकड़ियों के इस्तेमाल ने अवैध खनन और पेड़ों की कटाई भी बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार लाल ईंट के उपयोग से होने वाले प्राकृतिक नुकसान को देखते हुए प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं शासन ने सरकारी निर्माण में काले ईंट का उपयोग करने का निर्देश जारी किया है। अंचल में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नियम को ताक पर रख कर सरकारी जमीन पर बिना अनुमति के लाल ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। खनिज विभाग, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं पर्यावरण संरक्षण मंडल के इस पर ध्यान नहीं देने से यह कारोबार बेरोकटोक चल रहा है।

### पेड़ों की कटाई जारी

उल्लेखनीय है कि लाल ईंट पकाने के लिए लकड़ी का उपयोग किया जाता है जिसके कारण गांवों में पेड़ों की कटाई लगातार हो रही है। अंचल में सक्रिय लकड़ी कोचियां खेतों में लगे पेड़ को खरीद कर काट रहे है साथ ही वह वनों में लगे पेड़ों की अवैध कटाई कर रहे है। यह लोग लकड़ियों को ईंट भट्ठों में खपा रहे हैं। भट्ठा से निकलने वाले धुंआ से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। वहीं ईंट बनाने के लिए नदी किनारे की मिट्टी का खनन किया जा रहा है जिससे बारिश के दिनों में कटाव होने की आशंका बढ़ रही है। कटाव होने पर नदी किनारे स्थित किसानों के खेत नदी में समाहित हो सकते हैं।

### चारभाठा में महीनों से बंद स्ट्रीट लाइट

**चारभाठा।** चारभाठा की गलियां महीनों से अंधेरे में



डूबी हैं। पंचायत ने स्ट्रीट लाइट के नाम पर ग्रामीणों से टैक्स भी वसूल किया जिसके बाद भी ग्रामीणों को अंधेरा ही नसीब हुआ है। खंभों पर लगी लाइटें शो-पीस बनकर रह गई हैं। पता चला है कि बिजली विभाग ने विद्युत आपूर्ति इसलिए बंद कर दिया क्योंकि पंचायत ने प्रक्रिया का उचित पालन नहीं किया था। इस व्यवस्था को बहाल करने के लिए पंचायत ने आवेदन दिया था लेकिन उसमें तकनीकी खामी पाई गई। आवेदन उपसरपंच के नाम से होने के कारण अमान्य कर दिया गया है। त्रुटि सुधारने के बजाये आवेदन को फाइलों में दबा दिया गया है।

#### कुछ माह बिखरी रौशनी

दिसंबर में लाइटें लगाई गई थीं, जो कुछ दिन जलने के बाद बंद हो गईं। अब स्थिति यह है कि इस सुविधा का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच रहा है। गलियों में अंधेरा होने से ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है।

## मेधावी बच्चों का सम्मान



**सड़क अतरिया।** प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल शाला खैरबना में मंगलवार को जनपद सभापति डोमार सिंह भेडिया के आतिथ्य में प्रवेश उत्सव उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत तथा मुंह मीठा कराया गया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि नए लक्ष्य और नई ऊर्जा के साथ छात्र अध्यापन में जुट जाएं।

इस अवसर पर कक्षा पाचवीं के टीकम पटेल, झरना पटेल, ओम जंघेल, आठवी की करुणा जंघेल, प्रिया अचिंत, राशि सेन तथा दसवीं की खुशी जंघेल, चांदनी साहू, सोनम साहू को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण किया गया। इस मौके पर धनेश साहू, धनसाय साहू, संतोष, डिलेश्वर अचिंत, गैंदराम जंघेल, दौलत पटेल, रजेलाल पटेल, संतराम, रमेश सरगहरी, मधुसुदन देशलहरे, संतोष मरकाम, लुकेश साहू, पुखराज सिंह खुशरो, शत्रुघन राम साहू, कन्हैया राम जंघेल, नौशिना फिरदौस, सीमा शर्मा, यशोदा ठाकुर, मयंक कोसरिया, रामचरण साहू, पुष्पा, किरण जंघेल, चितरेखा जंघेल, संतोषी साहू, धनेश्वरी आदि मौजूद थे।

# केन्द्रीय टीम ने लिया अस्पताल का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

केन्द्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंची। टीम के आने की जानकारी पहले से मिल जाने के कारण स्थानीय अमले ने लचर व्यवस्था को सुधार कर बेहतर दिखाने का प्रयास किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारियों की डयुटी लगा दी गई थी ताकि टीम को सब अच्छा दिखे। अस्पताल को चकाचक दिखाने के लिए सफाई भी किया गया। केन्द्र की आयी टीम के साथ जिला स्वास्थ्या केन्द्र की टीम भी साथ थी। अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद टीम को रवाना कर दिया ताकि वह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण न करें।

विकासखंड में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थिति खराब है। उप स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भगवान भरोसे चल रहे है। जिला स्वास्थ्य विभाग का अमला तो दूर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी भी गांव के अस्पताल का निरीक्षण नहीं करते। स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र में पर्याप्त स्टॉफ होने के बाद भी ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्र की स्टाफ की डयुटी लगाई जा रही है जिससे ग्रामीणों को उपचार कराने शहर आना पड़ता है। स्थानीय अस्पताल में लाल बहादुर नगर, मोहारा, चिचोला का स्टाफ नजर आता है।



### पार्किंग व्यवस्था की अनदेखी

निरीक्षण के दौरान पार्किंग व्यवस्था और मुख्य गेट की अव्यवस्था की ओर ध्यान नही दिया गया। हरिभूमि में पार्किंग को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद अनुविभागीय अधिकारी ने अस्पताल जाकर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे जिसके बाद स्टाफ ने अपने वाहन को पार्किंग में खडे करना शुरू किया है।

### स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत

उप स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ते जा रहा है। मामले को गंभीर बताते हुए छत्तीसगढ़ सेवा कल्याण परिषद के सदस्य एनके सिन्हा ने स्वास्थ्य मंत्री को शिकायत पत्र भेजकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध नहीं हो रही हैं। कर्मचारियों की उपस्थिति अनियमित रहती है। दवाओं की उपलब्धता और अन्य सुविधाओं को लेकर भी लगातार शिकायतें मिल रही हैं। संस्था के सदस्यों ने हाल ही में ग्रामीणों के साथ उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के संचालन, कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को मिलने वाली सुविधा को लेकर कई शिकायतें सामने आई।

## पुण्यतिथि के मौके पर दी गई श्रद्धांजलि

# डॉक्टर मुखर्जी के योगदान को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को स्मरण दिवस के रूप में मनाया गया। स्थानीय विश्राम गृह में मंडल अध्यक्ष दीना पटेल के नेतृत्व में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि मनाते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकिशन माहेश्वरी, प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू, गुलशन हिरवानी, अरुण जैन, राजेंद्र ठाकुर, हिना मंगल जैन, अंजू त्रिपाठी, हेमंत चोपड़ा, सतीश पांडेय, मनोज हेमनानी, महेश्वर साहू, योगेश पटेल, दयानंद सेन, वीरेंद्र साहू, कोमल साहू, लक्ष्मीनारायण सेन, युवा मोर्चा अध्यक्ष शरद वैष्णव, रामानंद निर्मलकार, लोमश हिरवानी, नोमित सोनकर, सौरभसिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।





### आदर्शों को करें आत्मसात: जागृति

ग्राम बगदई में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष और जिपं सभापति जागृति चुन्नी यदु ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एकता, अखंडता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। सरपंच कुलदीप ठाकुर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। युवा मोर्चा के महामंत्री गौरव यदु ने भी संबोधित किया।

# पदयात्रा में दिया स्वच्छता व नशा मुक्ति का संदेश

- विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

जिला मुख्यालय में गत दिवस विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया।

पदयात्रा में जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर डीआर ध्रुव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं शामिल हुए। पदयात्रा का शुभारंभ जनपद पंचायत परिसर से किया गया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मां छुरिया मंदिर प्रांगण पहुंची। प्रतिभागियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण से जुड़े संदेशों वाले नारे एवं बैनर लेकर लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान नागरिकों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम की जानकारी दी गई। लोगों को घरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कचरे का उचित प्रबंधन करने, गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

### लोगों ने लिया संकल्प

छुरिया मंदिर प्रांगण में आयोजित समापन कार्यक्रम में स्वच्छता एवं नशा मुक्ति पर जागरूक किया गया। जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

## विद्यार्थियों-शिक्षकों ने किया योगाभ्यास

**राजनांदगांव।** विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उपरवाह में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरूआत योग के महत्व पर प्रकाश डालते की गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ एवं निरोग रखता है, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता तथा आत्मविश्वास बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तत्पश्चात विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। विद्यालय परिवार ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया तथा विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास करने प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## छुईखदान नगर में गाली-गलौज और शराबखोरी से बढ़ी चिंता

# जय स्तंभ चौक पर शराबियों का जमावड़ा

## आम नागरिकों, बच्चों एवं महिलाओं का घर से निकलना दूभर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

शहीद नगरी के नाम से पहचान रखने वाला छुईखदान नगर इन दिनों सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ती शराबखोरी की घटनाओं को लेकर चर्चा में है। नगरवासियों का आरोप है कि जय स्तंभ चौक सहित कई स्थानों पर खुलेआम शराब का सेवन किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार कुछ लोग दिन और रात में शराब की बोतलें लेकर जय स्तंभ चौक पहुंचते हैं और आसपास की दुकानों से डिस्पोजल लेकर शराब पीते हैं। नशे की हालत में कई बार गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार की स्थिति निर्मित हो जाती है, जिससे क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है।पान दुकान में आम आदमी खड़े नहीं हो पाते क्योंकि शराबी गाली गलौज करते रहते हैं। नागरिकों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण शराबियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। शाम के समय चौक पर लोगों की आवाजाही बढ़ने के साथ स्थिति और गंभीर हो जाती है।

### कई स्थानों पर शराबियों का जमघट

नगरवासियों के अनुसार जय स्तंभ चौक के अलावा कई अन्य स्थानों पर भी खुलेआम शराबखोरी देखी जा सकती है जिसमें स्कूल मैदान, ब्लड बैंक भवन, पुराना कृषि विभाग कार्यालय, जय स्तंभ चौक, बीकानेर होटल के पीछे, मुकुंद सागर तालाब, केंवटपारा तालाब, बस स्टैंड स्थित होटल एवं सार्वजनिक शौचालय आदि शामिल हैं। लोगों का कहना है कि इन क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए तो काफी हद तक इस समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकता है।



### युवा करेंगे पहल

कुछ युवाओं ने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि यदि प्रशासन इस समस्या पर प्रभावी कदम नहीं उठाता है तो वे स्वयं जागरूकता अभियान चलाकर और सामाजिक स्तर पर पहल कर शराबखोरी पर रोक लगाने का प्रयास करेंगे। हालांकि नागरिकों का मानना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और कार्रवाई करने की जिम्मेदारी प्रशासन एवं पुलिस की ही है। नगरवासियों का कहना है कि शहीद नगरी की गरिमा बनाए रखने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी और असामाजिक गतिविधियों पर तत्काल अंकुश लगाया जाना आवश्यक है।

### ब्लड बैंक और कृषि कार्यालय बना चिंता का विषय

तहसील कार्यालय के सामने स्थित नवनिर्मित ब्लड बैंक भवन तथा पुराने कृषि विभाग कार्यालय परिसर में भी शाम के समय शराबियों के जमावड़े की शिकायतें सामने आ रही हैं। यह क्षेत्र अधिकारियों, कर्मचारियों एवं चिकित्सकों के आवासीय परिसरों के निकट होने के कारण स्थानीय निवासियों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन एवं पुलिस विभाग से मांग की है कि जय स्तंभ चौक सहित चिन्हित स्थानों पर नियमित गश्त बढ़ाई जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि इससे नगर का वातावरण सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित बना रहेगा।

# एडवर्ड पार्क मामले में जांच जारी, एमपी से मंगाएंगे रियासतकालीन दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजनांदगॉव कवर्धा मेन रोड मे सिविल कोर्ट के सामने नजूल मेंटनेंस मे खसरा नंबर 114/115 और भू नक्शा मे 169/170 अंकित है उसमे शिकायत जॉच 11 महीने पहले अवैध प्लाटिंग की पुष्टि होने के बाद बाद अब जिला प्रशासन जमीन के मूल स्वरूप को लेकर जॉच कर रहा है। भारत संघ मे विलय के दौरान रियासत के राजा की निजी संपत्ति मे जिस एडवर्ड पार्क का उल्लेख नही था वो कब कैसे किन हालातों में पहले राजा के नाम आया, फिर किस प्रकार नातिन के नाम और अब किन दस्तावेजों के सहारे उसे निजी बताकर टुकड़ो में बेचा गया। पूरे प्रकरण का दारोमदार अब सालों पुराने उन दस्तावेजों में टिका हुआ है जिनके आधार पर ही जमीन के सरकारी से निजी होने के बीच में अपनाई गई प्रक्रिया का खुलासा होगा।

■ पूरे प्रकरण का दारोमदार सालों पुराने दस्तावेजों में टिका

जॉच समिति भी पूरी गंभीरता से बिंदुवार तथ्यों को एकत्रित करने में लगी है जिसके चलते जल्द ही इस बात का खुलासा हो जाएगा कि कि शिकायत बाद तहसीलदार, आरआई और पटवारी मिलाकर गठित संयुक्त जॉच दल ने जॉच के दौरान मिले दस्तावेजों के आधार पर जो प्रतिवेदन तैयार किया वह वाजिब है अथवा जमीन अपने नाम कराने और बेचने वाले इस पूरे मामले मे संलिप्त है।

### नामांतरण आवेदन कलेक्टर ने लौटाया

जॉच दौरान दल में शामिल आरआई द्वारा रजिस्ट्री के लिए नकल देने और लेटर में उक्त खसरा नंबर को रजिस्ट्री नही करने संबंधी निर्देश का पालन नही करने वाले पंजीयक के खिलाफ विभागीय जॉच जारी है वही पता चला है कि जमीन संबंधी चार नामांतरण आवेदनों को भी कलेक्टर कार्यालय ने इस तथ्य को आधार मानकर निरस्त कर दिया कि कालोनी निर्माण करने वाला या अन्य कोई व्यक्ति जो कालोनी स्थापित करने के उद्देश्य से अपनी भूमि को या किसी अन्य व्यक्ति की भूमि को इस अधिनयम तहत बनाए गए नियमों में अंर्तविष्ट उपबंधों को भंग करके भूखंडों में विभाजित करता है वह अवैध कालोनी निर्माण का अपराध करता है इस स्थिति में अधीनस्थ न्यायालय द्वारा नामांतरण की कारवाई संबंधी पारित निर्णय विधिसम्मत है और हस्तक्षेप की आवश्यकता नही है। हालांकि इस बीच नपा ने भी एनओसी मे उल्लेखित कंडिका के आधार पर एनओसी निरस्त होने की धमकी देते हुए जॉच पूरी होने तक यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश जारी कर दिया हालांकि इसके बाद भी एक दो जगहों पर काम बंद संबंधी नपा के आदेश को दरकिनार कर बेधड़क काम कराया जा रहा है।

### छोटे झाड़ घास वाली सरकारी जमीन को बेचा टुकड़ों में

संयुक्त जॉच दल ने मौका निरीक्षण और दस्तावेजी अध्ययन बाद तैयार प्रतिवेदन मे इस बात का उल्लेख किया है कि उक्त भूखंड नजूल मेंटनेंस खसरा, सिविल लाईन ब्लाक 1 वर्तमान राजस्व अभिलेख में खसरा नंबर 169 रकबा 1.259 हेक्टेयर जो शासकीय मद की भूमि है और जिसका मद अधिकार अभिलेख में छोटे झाड़ के जंगल व घास दर्ज है। उपविभाजन नही हुआ है जबकि मूल भूधारक ने कई टुकड़ों में जमीन बेच डाला है। जॉच समिति द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन आधार पर एसडीएम कार्यालय ने टीएनसी को पत्र लिखा जिसमे विभाग ने जवाब दिया कि नजूल प्लांट 114 व 115 का अभिन्यास अनुमोदन नही लिया गया है जिसके बाद कलेकटर कार्यालय ने सीएमओ को अवैध प्लाटिंग संबंधी मामले में सक्षम अधिकारी बताते हुए 2 सितंबर को ही लेटर जारी कर दिया है इसके बाद अवैध प्लाटिंग का विषय लगभग क्लोज हो गया था, लेकिन इस बीच मूल भू धारक से जमीन लेने के बाद रजिस्ट्री और नामांतरण की कहानी से पेंच फंस गया और चर्चा सार्वजनिक रूप से होने लगी कि क्या रसूखदारों के लिए असंभव कुछ नही है।

## योग शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव**। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं खेलो इंडिया के अंतर्गत योग शिविर का आयोजन 16 से 21 जून तक मिनीमाता शासकीय पॉलिटेक्निक राजनांदगांव में किया गया। 21 जून को अंतिम दिवस मुख्य अतिथि सुषमा गुप्ता जिला प्रभारी, संध्या तिवारी महामंत्री, योग विशेषज्ञ के रूप में शमंजुला तिवारी, प्रतिमा चौधरी, राधिका खंडेलवाल, मीना महिला पतंजलि योग समिति उपस्थित हुए, जिन्होंने योग की विधाओं से छात्राओं एवं स्टाफ को अवगत कराया। कार्यक्रम में स्टाफ एवं छात्राओं ने सहभागिता दी। अंत में प्राचार्य डॉ. एमके चौबे, डॉ. मृदुल रतन चौरसिया, स्टाफ और छात्राओं द्वारा योग विशेषज्ञों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# सीमावर्ती गांव के किसानों तक पहुंची खाद

## चार गांव के किसानों को गांव में मिली खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के दूरस्थ एवं अंतिम छोर के किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत भावे में किसानों को गांव स्तर पर ही खाद उपलब्ध कराई गई, जिससे उन्हें लगभग 40 किलोमीटर दूर भोथली समिति तक जाने की परेशानी से राहत मिली है।

कुछ दिनों पूर्व ग्राम भावे एवं आसपास के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री चंद्रवाल से मुलाकात कर खाद वितरण की समस्या से अवगत कराया था। किसानों ने बताया था कि उर्वरक प्राप्त करने के लिए उन्हें भोथली समिति तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिसके फलस्वरूप अब किसानों को उनके गांव में ही खाद उपलब्ध हो रही है।



### सोसाइटियों में खाद वितरण

सहकारिता विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन समिति संबलपुर में भी खाद वितरण प्रारंभ हो गया है। इसके साथ ही जिले की सभी 65 सहकारी समितियों, जिनमें 26 नवीन एवं 39 पुरानी समितियां शामिल हैं, से किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे खरीफ सीजन के दौरान किसानों को समय पर खाद मिल सके।

### ग्रामीणों को सुविधा और लाभ

ग्राम पंचायत भावे के आश्रित ग्राम भावे, जुरलाखार, थोर्राडीह एवं कौहाबहारा जिले के अंतिम छोर पर स्थित हैं। इन गांवों के अधिकांश कृषक सीमांत एवं लघु किसान हैं। गांव में ही खाद उपलब्ध होने से किसानों का समय, श्रम एवं परिवहन व्यय बच रहा है तथा उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में भी सुविधा मिल रही है। भोथली समिति के माध्यम से 12 किसानों को 42 बोरी यूरिया, 14 बोरी इफको तथा 7 बोरी पोटाश उपलब्ध कराया गया।

## तिलईरवार में मनाया गया योग दिवस

**राजनांदगांव**। शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार में 21 जून को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में हायर सेकंडरी के स्टॉफ, जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन एवं छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी ने करें योग, रहे निरोग के संदेश को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, सरोज भुआर्य, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, असीम यदु, थंगेश्वर साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, नोहर दास लिलहारे, पालकराम वर्मा, जितेंद्र कश्यप, हरिचंद यादव, रिचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर आदि सभी ने योगाभ्यास किया। विजय कुमारन अय्यर ने सूर्य नमस्कार एवं ध्यान कराया और बताया कि योग हमारे मानसिक तनाव को दूर करता है और शारीरिक स्फूर्ति प्रदान करता है।

# रैंप योजना अंतर्गत उद्यमिता विकास शिविर




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देने, युवाओं, महिला स्व-सहायता समूहों और नवोदित उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रैंप योजना अंतर्गत आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम बैच-3 का समापन पॉलीटेक्निक कॉलेज में हुआ।

■ 30 को मिला व्यवहारिक प्रशिक्षण

5 से 19 जून तक आयोजित प्रशिक्षण में जिले के 30 प्रतिभागी शामिल हुए। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय व राज्य शासन की उद्यमिता संवर्धन पहलों के तहत आयोजित प्रशिक्षण दौरान प्रतिभागियों को व्यवसाय स्थापना की प्रक्रिया, उद्यम प्रबंधन, विपणन, वित्तीय प्रबंधन, विभिन्न शासकीय योजनाओं सहित एमएसएमई क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई।

मास्टर ट्रेनर पारुल पांडेय ने प्रशिक्षण सत्रों में उद्यमिता की मूल अवधारणा, सफल उद्यमी बनने के आवश्यक गुण, स्थानीय संसाधनों पर आधारित व्यवसायिक अवसरों की पहचान, कृषि व खाद्य प्रसंस्करण, वनोपज आधारित उद्योग, हथकरघा व हस्तशिल्प, धातु निर्माण, पर्यटन सहित सेवा क्षेत्र से जुड़े संभावित उद्यमों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। साथ ही प्रतिभागियों को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट अंतर्गत जिले में उपलब्ध संभावनाओं, व्यवहारिक व्यवसायिक विचारों की पहचान के संबंध में जानकारी दी।

### चुनौती और समाधान भी बताया

प्रशिक्षण दौरान विशेषज्ञों ने विभिन्न सफल उद्यमों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को व्यवसाय संचालन की चुनौतियों व उनके समाधान के बारे में अवगत कराया। प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें स्वरोजगार के लिए आवश्यक योजनाओं सहित संसाधनों की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम मे उद्योग रणनीति विषय पर सामूहिक चर्चा आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने व्यवसायिक विचार साझा किया। समापन पर प्रतिभागियों से फीडबैक लिया गया, जिसमें उन्होंने इसे अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायक और स्वरोजगार स्थापित करने की दिशा में मार्गदर्शक बताया। आयोजन में चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सोनीबाई भंसाली का निधन

**राजनांदगांव**। जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक श्रीसंघ राजनांदगांव की वरिष्ठ सुश्राविका श्रीमती सोनीबाई भंसाली (धर्मपत्नी स्वर्गीय जुगराज भंसाली) का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 22 जून की मध्य रात्रि अंतिम सांस ली। वे जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के ट्रस्टी ललित भंसाली एवं मनीष भंसाली की माता तथा आकाश, पार्थ एवं प्रथम की दादी थी। उनके निधन की खबर से स्थानीय जैन समाज सहित शहर में शोक की लहर दौड़ गई। श्रीमती सोनीबाई भंसाली की अंतिम यात्रा 23 जून को सुबह 10.30 बजे उनके निज निवास कामठी लाइन से निकाली गई। अंतिम यात्रा में समाज के लोगों और शहरवासियों ने उन्हें अश्रुपूरित विदाई दी।



# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन,विशेष यूजर चार्ज कलेक्शन शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियान्वयन व ग्राम स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत के सभी ग्राम पंचायतों में यूजर चार्ज कलेक्शन को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देश, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन मे जनपद सीईओ हिमांशु गुप्ता के नेतृत्व में शिविर संचालित किया गया। अभियान मे ब्लाक के सभी ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही। शिविरों में सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वच्छग्राही, महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यो सहित ग्रामीण नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्राम स्तर पर घर-घर संपर्क कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। ग्राम पंचायतों द्वारा एक ही दिन में कुल 1 लाख 60 हजार 530 का यूजर चार्ज संग्रहण किया गया जो ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह राशि ग्राम पंचायतों में संचालित ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों, कचरा संग्रहण, परिवहन, निस्तारण व्यवस्था को बेहतर बनाने में उपयोग किया जाएगा।

### गांव-गांव में अभियान

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम तहत स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक अपशिष्ट में कमी, जैविक कचरे से खाद निर्माण, पुनर्चक्रण योग्य सामग्री के पुन उपयोग व पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल दिया गया है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से गांवों में स्वच्छता की स्थिति में सुधार होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण का निर्माण सुनिश्चित होगा। कलेक्शन शिविर के साथ-साथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में घर-घर कचरा संग्रहण, स्वच्छता जागरूकता अभियान भी संचालित किया जा रहा है। ग्रामीणों को नियमित स्वच्छता शुल्क जमा करने व गीले-सूखे कचरे को पृथक रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण व प्रकृति संवर्धन के प्रति किया जागरूक

# सेजेस परिसर को हरा-भरा और पर्यावरण चेतना विकसित करने हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विश्व योग दिवस पर योग, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के त्रिवेणी संदेश साथ जिला प्रशासन, वन विभाग और शहर की विभिन्न सेवाभावी संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट कन्या विद्यालय परिसर में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शाला परिसर को हराभरा व पर्यावरण अनुकूल बनाने, जैव विविधता को बढ़ावा देने और अध्ययनरत विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण व प्रकृति संवर्धन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ओतप्रोत अभियान के माध्यम से संदेश दिया गया कि आज लगाए गए पौधे भविष्य में वृक्ष बनकर न केवल शाला परिसर की सुंदरता और हरियाली बढ़ाएंगे बल्कि विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण, छाया और प्रकृति से जुडने का अवसर भी प्रदान करेंगे। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने अपनी माता स्व. पूर्णिमा चंद्राकर की स्मृति में पीएम द्वारा प्रेरित एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत आम का पौधा रोपित किया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पौधारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। प्रत्येक नागरिक को पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए ताकि आने वाले वर्षों में यही पौधे विशाल वृक्ष बनकर समाज को लाभ पहुंचा सकें।

### बनेगी प्रेरणा श्रोत

कार्यक्रम में मौजूद अन्य अतिथियों ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए कहा कि परिसर में विकसित होने वाली यह हरियाली विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी जो उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेगी। सेवाभावी संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे अभियान की भी उन्होने सराहना की। इस दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, डीएफओ पंकज सिंह राजपूत, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर सुमन राज, रेणुका रात्रे, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, रेंजर रमेश टंडन, सीएमओ पुनीत कुमार वर्मा, नपा अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर, जिपं के पूर्व सभापति घम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, डॉ.बिशेसर साहू, तीरथ चंदेल, विनय देवांगन, अनुज देवांगन, गोरेलाल वर्मा, प्राचार्य डॉ.कमलेश्वर सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने परिसर में आम, कटहल, मौलश्री, आंवला, करंज, बादाम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाया।

### ट्री गार्ड लगाकर किया सुरक्षित

विभिन्न सेवाभावी संस्थाओं के रूपेंद्र रजक, समसुल होदा खान, रूपेश देवांगन, गोविन्द सोनी, अमीन मेमन, नीलम राजपूत, राजू यादव, संजय वालेचा, आनंद चोपड़ा, अनुराग तुरे सहित अन्य ने पौधारोपण बाद पौधों को ट्री गार्ड लगाकर सुरक्षित किया और उनके नियमित संरक्षण का संकल्प दुहराया। वक्ताओं ने कहा कि शाला केवल शिक्षा प्राप्त करने का केंद्र नहीं बल्कि सामाजिक, पर्यावरणीय संस्कारों के निर्माण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। यदि परिसर हरियाली से समृद्ध होगा तो विद्यार्थी बचपन से ही प्रकृति के महत्व को समझेंगे और पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे। पौधारोपण के माध्यम से सभी ने आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित व सुरक्षित वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया।

# वनांचल क्षेत्र पहुंचकर बैगा परिवारों से मिले जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वनांचल क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने जिले के अंतिम छोर तक पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना।

छुईखदान ब्लॉक के ग्राम पंचायत बकरकट्टा में नवीन ग्राम पंचायत भवन का भूमिपूजन, ग्राम सहसपुर में अतिरिक्त कक्ष व स्कूल भवन का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही नवागांव में भवन का लोकार्पण कर ग्रामीणों को नई सौगात दी गई। ग्वालगुंडी में भी श्री सिंह ने जनसंपर्क कर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। विक्रांत सिंह ने जिले के अंतिम छोर में बसे ग्राम कांसीबाहरा, सिंगबोरा, ग्वालगुंडी के बैगा परिवारों से मुलाकात की। महिलाओं ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन के लिए मुख्यमंत्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया। विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा समाज के हर वर्ग के हित में कार्य करती है और अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है।



### क्षेत्र के विकास में नहीं आएगी कमी

श्री सिंह ने कहा कि वनांचल क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से कहा कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस दौरान साल्हेवारा मंडल भाजपा अध्यक्ष शत्रुहन साहू, जिला भाजपा सह-कोषाध्यक्ष ललित सोनी, मन्नू मरकाम, निजाम मंडावी, पारासर ठाकरे, महेंद्र यादव, मुंजन यादव, नान्हे पटेल, संतोष ठाकुर, संतोष यादव, खेमू पांचे, पवार सिंह, सतीष वर्मा, ओमलाल साहू, शकुन यादव, मोनिया कुम्भकार, शिव यादव, विष्णु ठाकरे, बुधलाल पटेल, अलेन मरकाम, समार सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## सार समाचार

### लक्ष्मण झूला की घोषणा पर समिति ने जताया आभार

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रगतिशील किसान सम्मेलन एवं विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के लिए आयोजित



कार्यक्रम में राजनांदगांव के लिए 511 करोड़ की योजनाएं स्वीकृति की घोषणा की। जिसमें शिवनाथ नदी मोहारा मेला स्थल से ऑक्सीजोन तक सस्पेंशन ब्रिज निर्माण कार्य के लिए 49 करोड़ की स्वीकृति शामिल होने पर श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति ने आभार जताया। समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन ने बताया कि उनकी समिति विगत 25 वर्षों से शिवनाथ नदी एवं तटवर्ती क्षेत्रों के विकास हेतु कार्यरत है। शिवनाथ समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन, उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, कचरू प्रसाद शर्मा, हरजीत भाटिया, अमलेन्दु हाजरा, विजय हरिहारनों, शैलेंद्र तिवारी ने स्पीकर हाउस में विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर लक्ष्मण झूला की घोषणा कराने आभार व्यक्त किया गया।

### योग दिवस पर आयोजन

**राजनांदगांव।** पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में महिला पतंजलि योगपीठ राजनांदगांव द्वारा 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला प्रभारी सुषमा गुप्ता



के निर्देश पर प्रीति गुप्ता एमपीवायएस संगठन मंत्री द्वारा स्वामी आमात्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी उच्चतर माध्य. शाला में योग कराया गया। योग के महत्व को बताते नियमित योग करने पर बल दिया गया। योग शारीरिक, मानसिक व आत्मिक उन्नति का साधन है। इस अवसर पर शाला प्राचार्य एस.विजयन, स्टॉफ, पंचायत प्रतिनिधि दीपक वैष्णव एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### 408 ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** जिले की सभी 408 ग्राम पंचायतों में कल बुधवार को ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं में गांव के विकास,



शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, हितग्राही चयन, अधोसंरचना विकास, सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने जिले के सभी ग्रामीणजनों, जनप्रतिनिधियों, महिला समूहों, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों से ग्रामसभा में उपस्थित होकर अपने गांव के विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव है, जहां गांव के विकास की दिशा तय होती है। ग्रामीणों के सुझाव एवं सहभागिता से विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। श्रीमती वैष्णव ने बताया कि इस ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2.0 के अंतर्गत किए गए सर्वे के आधार पर पात्र हितग्राहियों के नामों का अनुमोदन भी किया जाएगा, इसलिए जिन परिवारों का सर्वे किया गया है, वे विशेष रूप से ग्रामसभा में उपस्थित होकर प्रक्रिया में सहभागी बने। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि ग्रामसभा में लिए गए निर्णय गांव के भविष्य को आकार देते हैं। ग्रामसभा केवल एक बैठक नहीं, बल्कि गांव के विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी का सशक्त माध्यम है, इसलिए प्रत्येक नागरिक की उपस्थिति महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामवासियों से समय पर पहुंचकर ग्राम सभा को सफल बनाने की अपील की है।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर ग्रामीणों को किया जागरूक

# वनांचल में पुलिस ने लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

सीतागांव थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम केकड़ेहुर ग्राम पंचायत हलांजूर में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत 23 जून को पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी वायपी सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवचरण पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानपुर विनोद कुमार मिंज के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी सीतागांव निरीक्षक संजय कुमार यादव द्वारा सुदूर अंचल क्षेत्र के स्कूली बच्चों, आंगनबाड़ी बच्चों एवं ग्रामीणजनों के बीच पहुंचकर आत्मीय संवाद स्थापित किया गया।



### पटेल के योगदान की दी जानकारी

इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर उनके जीवन, संघर्ष एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही स्वतंत्र भारत की 562 रियासतों के एकीकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते उन्हें लौह पुरूष की उपाधि मिलने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में साइबर जागरूकता अभियान के तहत ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के दुष्परिणाम, सोशल मीडिया अपराध एवं साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। ग्रामीणों एवं बच्चों को किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा निकटतम पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया।

### नशे से दूर रहने संदेश

इसके साथ ही नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत युवाओं एवं बच्चों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य, परिवार एवं समाज पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की जानकारी देकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के संबंध में महिलाओं को घरेलू हिंसा, महिला संबंधी अपराध, बाल अपराध, महिला अधिकार, अभिव्यक्ति ऐप, डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1091 सहित विभिन्न सुरक्षा सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

### ग्रामीणों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में ग्राम पटेल मनीराम तुलावी, मितानिन रमीलाबाई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमरोबाई तुलावी, रामसु नेताम, भालसिंह तुलावी, सुखराम आंचला, चमराराय गावड़े, बुधराम नुरेटी, संजय तुलावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। बच्चों एवं महिलाओं को चॉकलेट एवं बिस्किट वितरित किए गए। ग्रामीणों ने पुलिस विभाग के इस मानवीय एवं विश्वास निर्माण के प्रयास की सराहना करते कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया। पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीणजन एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## राम्या का एनएमएम एसई परीक्षा में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शास. पूर्व माध्यमिक शाला भर्रेगांव की कक्षा आठवीं की छात्रा राम्या



निषाद ने राष्ट्रीय-सह-योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। शाला प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार राम्या प्रारंभ से ही बेहद होनहार और कुशाग्र बुद्धि की छात्रा रही है। इससे पूर्व राष्ट्रीय अविष्कार अभियान में भी राम्या ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते जिलेभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया और शाला को गौरवान्वित किया था। राम्या की इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य एस. विजयन, प्रधान पाठक प्रीति गुप्ता एवं शिक्षकों और शाला विकास समिति ने हर्ष व्यक्त किया है। उक्त जानकारी भर्रेगांव संकुल समन्वयक दीपक कुमार साहू द्वारा दी गई।

# संवैधानिक अधिकारों को लेकर आदिवासी समाज का ज्ञापन, मंत्रों का आदेश निरस्त करने मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गोंडवाना यूथ क्लब, सर्व आदिवासी समाज और भीम आर्मी के संयुक्त तत्वाधान में आदिवासी समाज द्वारा 15 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

जिला कार्यालय पहुंचे सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक ललित कुमरे ने कहा कि आदिवासियों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार का हनन हो रहा है। वहीं सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जसवंत गावड़े ने स्कूलों में मंत्रों को लेकर जारी आदेश के मामले में कहा कि स्कूलों में मंत्रों को थोपना न्यय संगत नहीं है। उन्होंने शासकीय विद्यालयों में धार्मिक गतिविधियों को अनिवार्य किए जाने संबंधी आदेश को निरस्त करने मांग की है। आदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में प्रतिदिन प्रार्थना के दौरान मंत्रों और धार्मिक गतिविधियों के आयोजन का निर्देश उचित नहीं है।



### मंत्रों को अनिवार्य करने का विरोध

सर्व आदिवासी समाज द्वारा ज्ञापन में कहा गया कि छत्तीसगढ़ एक बहुधार्मिक प्रदेश है, जहां आदिवासी समुदायों की अपनी विशिष्ट धार्मिक मान्यताएं, परंपरा, सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक ज्ञान प्रणाली एवं जीवन-दर्शन है। राज्य द्वारा संचालित विद्यालयों में किसी विशेष धार्मिक परंपरा से संबंधित प्रार्थनाओं एवं मंत्रों को अनिवार्य करना संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना, सांस्कृतिक विविधता तथा सभी नागरिकों के समान अधिकारों के प्रतिकूल प्रतीत होता है।

### सर्व आदिवासी समाज की मांग

अनुसूचित क्षेत्रों में शासकीय एवं अर्द्धशासकीय सेवाओं में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने, आगामी जनगणना में आदिवासी समुदाय की वास्तविक जनसंख्या एवं सामाजिक स्थिति का सही आंकलन सुनिश्चित किए जाने, फर्जी जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण सुनने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित कर इनका निराकरण छह माह की समय-सीमा में किए जाने, अनुसूचित क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, खनिज, वन एवं सार्वजनिक सेवाओं के निजीकरण पर रोक लगाने, अनुसूचित क्षेत्र में भू-राजस्व संहिता के तहत आदिवासी की जमीन लीज पर दिए जाने के प्रावधान को समाप्त करने, खनिज संपदा से प्राप्त लाभ में स्थानीय ग्रामसभा, आदिवासी समुदायों की प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित करने, नक्सल मामलों में जेलों में बंद निर्दोष आदिवासी युवाओं एवं ग्रामीणों के मामलों की उच्च स्तरीय समीक्षा कर उनकी रिहाई करने, यूसीसी से आदवासियों को पृथक रखा जाने, आदवासी के किसी भी स्थल का नियंत्रण किसी भी ट्रस्ट सोसाइटी को नहीं देने, पेसा अधिनियम के सभी प्रावधानों का जमीनी स्तर पर पालन सुनिश्चित करने सहित विभिन्न मांगे रखी है।

### छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा ओलंपिक दिवस का आयोजन

# खेलो इंडिया सेंटर ने दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हॉकी इंडिया नई दिल्ली के मार्गदर्शन में ''छत्तीसगढ हॉकी'' द्वारा आज ओलांपिक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रदर्शन हॉकी मैच खेलो इंडिया सेंटर विरुद्ध साईं के मध्य खेला गया। जिसमें खेलो इंडिया सेंटर ने सांई को 2-0 गोल से पराजित कर जीत हासिल की। खेलो इंडिया सेंटर की ओर से धनंजय यादव और प्राण साहू ने 1-1 गोल किए। मैच के शुरूआत में जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलमचंद जैन, भूषण साव, खेलो इंडिया हॉकी कोच शकील अहमद, अनुराज श्रीवास्तव, मृणाल चौबे (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी) ने मैदान के मध्य जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी।

पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज़



अंसारी ने ओलंपिक दिवस की जानकारी दी। मैच की विजेता एवं उपविजेता टीमो तथा राष्ट्रीय स्तर पर राज्य की ओर से उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ''छत्तीसगढ़ हॉकी'' के सौजन्य से उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

समापन एवं पुरस्कार वितरण अवसर पर प्रमुख रूप से परमजीत सिंह (साईं हॉकी कोच), हॉकी कोच शकील अहमद, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी शेख महबूब शरीफ, आशीष सिन्हा, अभिनव मिश्रा, राजेश निर्मलकर, स्मृति सिंह (साईं हॉकी कोच), कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

# सनसिटी चल मंदिर में प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सनसिटी कॉलोनी में आयोजित होने जा रहे भव्य चल मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव का आज अत्यंत हर्ष, उल्लास एवं भक्तिमय वातावरण के मध्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन शासन प्रभावक, जैन आचार्य भगवंत परम पूज्य श्री जिनपीयूष सागर सूरीश्वर जी म.सा. का अपनी विशाल धवल सेना ठाणा 14 के साथ सनसिटी में मंगल प्रवेश हुआ।

गुरु भगवंत के सनसिटी प्रवेश के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। जयकारों, धर्मध्वजाओं एवं मंगल गीतों के बीच श्रद्धालुओं ने आचार्य भगवंत का भावभीना स्वागत किया। सम्पूर्ण क्षेत्र धर्ममय वातावरण से गुंजायमान हो उठा तथा श्रद्धालुओं ने इस



ऐतिहासिक अवसर को अपने जीवन का सौभाग्य बताया। चल मंदिर एवं प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के संयोजक गुलाब गोलछा ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का विनम्र आग्रह किया है। सनसिटी में चल मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव के इस शुभारंभ ने आगामी प्रतिष्ठा समारोह के लिए कालोनीवसियों में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण निर्मित कर दिया है।

### निकाला जाएगा वरघोड़ा

महोत्सव समिति द्वारा बताया गया कि प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत कल 24 जून को प्रातः06.36 बजे से स्नात्र पूजा,कुंभ एवं दीपक स्थापना,नवग्रह पूजन,दस दिक्पाल पूजन,अष्ट मंगल पूजन,क्षेत्रपाल पूजन होगा। प्रातः 8:45 से 9:45 बजे तक आचार्य भगवंत का प्रेरणादायी प्रवचन क्लब हाउस में आयोजित होगा। इसके पश्चात 9:45 बजे से भव्य परमात्मा का वरघोड़ा निकाला जाएगा, जो की सन सिटी भ्रमण कर नूतन चल मंदिर के पास समाप्त होगा। दोपहर 2:00 बजे से नंदावर्त पूजा तत्पश्चात दोपहर 2:30 बजे से सभी प्रतिमाओं का 18 अभिषेक होगा। वहीं शाम 7:00 बजे मेहंदी एवं सांझी कार्यक्रम होंगे। रात्रि 8:00 बजे से प्रभु भक्ति का आयोजन होगा। जिसमें परम गुरुभक्त भावेश बैद, सजल बैद एवं शांति विजय सेवा समिति राजनांदगांव अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियों द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्मरस से सराबोर करेंगे।

# जानलेवा हो सकती है बिजली के प्रति लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बरसात का मौसम आते ही बिजली के करंट का खतरा बढ़ जाता है एवं बिजली के खंभों, एचटी लाइन, तारों और घर पर करंट के कारण कई हादसे देखने को मिलते हैं। इन हादसों में कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। इसका कारण जानकारी का आभाव है। बिजली की लाइनों और घरों में प्रवाहित होने वाले करंट से बचने विभाग ने एडवाइजरी जारी करते सावधानी बरतने की अपील की है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के सभी चारों जिलों के समस्त गणमान्यजनों को सचेत करते कहा है कि जरा सी असावधानी की वजह से करंट बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मर एवं उपकरणों के साथ



किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनाएं रखें। यदि आंधी-तूफान में खंबे, तार आदि टूटे हो, तो इसकी सूचना तत्काल कंपनी के टोल फ्री नं. 1912 पर, मोर बिजली एप एवं समीप के वितरण केन्द्र या जोन कार्यालय में दें।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने कहा कि भीषण गर्मी, आंधी-तूफान और बारिश जैसे मौसम बिजली कर्मियों के लिए युद्ध के मैदान जैसी स्थिति उत्पन्न करता है। जरा सी गलती होने पर किसी की भी जान जा सकती है या जीवनभर के लिए दिव्यांग हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं से अपील है कि वे लाइन कर्मचारियों को उनके सुधार कार्यों में सहयोग करें। बिजली आपूर्ति अवरुद्ध होने पर उपभोक्ता 5 से 10 मिनट रूककर बिजली कंपनी के टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज कराएं।

### बरते सावधानी

बारिश में बिजली के खंभों, तारों, और ट्रांसफार्मर से दूर रहे और किसी भी क्षतिग्रस्त लाइन या उपकरण को न छुएं। यदि आपको करंट लगने की आशंका है, तो तुरंत बिजली विभाग को सूचित करें, जहां बिजली के तार या उपकरण हो, वहां बारिश के पानी में करंट फैल सकता है, इसलिए पानी में न चलें या न तैरें। बिजली के उपकरणों का उपयोग करते समय सुनिश्चित करें कि आपके पैर सूखे हों और आप रबर या प्लास्टिक के जूते पहने हों। इस तरह की सावधानियां को ध्यान में रखते बरसात के मौसम में बिजली से सतर्कता बरतनी चाहिए।

# यादव समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई व मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का सम्मान समारोह 2026 संरक्षक जीआर अहीर के मुख्य आतिथ्य एवं संयुक्त जिला अध्यक्ष जेआर यादव की अध्यक्षता तथा महामंत्री सेवकराम यादव के विशिष्ट आतिथ्य में गत दिनों सांकरदाहरा देवरी परिक्षेत्र खुज्जी में आयोजित हुआ।



अतिथियों ने समाज के विकास हेतु शिक्षा और संस्कार को महत्वपूर्ण बताया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। 10वीं में दामिनी यादव रेंगाकठेरा 85 प्रतिशत, धनिता यादव डुमरडीह 85 प्रतिशत, नंदिता यादव कोनारी 86 प्रतिशत, कक्षा 12वीं में सुरुचि यादव अलीवारा 81 प्रतिशत, दीपिका यादव डुमरडीह 76 प्रतिशत, अंजली यादव कोकपुर 82 प्रतिशत, गीतांजलि यादव आंको 72 प्रतिशत, आरती यादव आंको 74 प्रतिशत पर रहा। इन बच्चों का समाज द्वारा गुलाल अबीर से तिलक अभिषेक कर पुष्पमाला से सम्मान करते प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव पन्ना यादव ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वजातीय यादव बंधु उपस्थित थे।

## सुरेश रोहिल्ला का आत्मीय स्वागत

# संगठित होने से ही समाज कल्याण संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री दत्तात्रेय मंदिर रायपुर में दर्जी समाज के सभी घटक प्रमुखों ने आगामी दिसंबर माह दिल्ली में आयोजित होने वाले रोहिल्ला टांक क्षत्रिय महासभा दिल्ली द्वारा आयोजित होने वाले विशाल समागम के विषय में जानकारी देने, अपील करने सुरेश रोहिल्ला, आयोजन के सह-संयोजक पधारे जिनका भावभीना स्वागत रायपुर स्थित श्री नामदेव समाज विकास परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा समाज के प्रबुद्ध नर-नारियों के साथ अन्य घटकों के पदाधिकारियों ने 21 जून को किया।

सर्वप्रथम योगाचार्य इंजी. केएल नामदेव ने अपने आशीर्वचन से गोष्ठी का शुभारंभ किया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद नामदेव ने पुष्पमाला से सुरेश का अभिनंदन



### संदेश पढ़कर सुनाया

सुरेश ने कहा कि देश में हमारी जनसंख्या करोड़ों में है, लेकिन राजनैतिक प्रतिनिधित्व के तौर पर हम लगभग शून्य की स्थिति में हैं। हमारी पूछपरख, इसलिए नहीं होती, क्योंकि हम अपनी मुंडिया नहीं गिना पाते, भीड़ इकट्ठी नहीं कर पाते और सामाजिक एकता का प्रदर्शन नहीं कर पाते। इस अवसर पर सुरेश राष्ट्रीय महासम्मेलन के संरक्षक ज्ञानी सिंह सरोया, संरक्षक रमेश पवार, प्रधान दयानंद रोहिल्ला का संदेश भी पढ़कर सुनाया।

किया। समाज के सभी घटकों के पदाधिकारियों, महिला प्रतिनिधि, युवा अध्यक्ष अविनाश नामदेव, विक्की वर्मा ने पुष्पमाला के साथ स्वागत अभिनंदन किया। इसके बाद गुजराती दर्जी समाज के अध्यक्ष धीरेंद्र गोहिल, दामोदर वंशी दर्जी समाज से नरेंद्र सोलंकी, छीपा समाज से दीपक अपूर्वा ने अपने-अपने संबोधन में सामाजिक एकता पर बल देते कहा कि घटकों, खापों के साथ ही संगठित होने से ही समग्र समाज का कल्याण संभव हो सकेगा। दिल्ली में होने वाले आयोजन में तन-मन-धन से सहयोग करें। गोष्ठी का संचालन धर्मेश नामदेव ने किया। इस अवसर पर बसंत भाई जेठवा, दीपक काराणी, अनिक बरोलिया, सुरेन्द्र सोलंकी, सतीश कुमार नामदेव, चेतन नामदेव, अक्षय चौधरी, शशिबाला चौधरी, अतुल वर्मा, हृदयेश विक्की वर्मा, संतोष कुमार नामदेव, महेंद्र नामदेव गुड्डु, राजेंद्र नामदेव भनपुरी, निखिल बरोलिया, चिरंजीव नितिन नामदेव, नीलम नामदेव आदि उपस्थित रहे। गोष्ठी के लिए आभार एवं समापन नारायण प्रसाद नामदेव ने किया।

# मुख्यमंत्री साय ने विकास कार्यों का खोला पिटारा

- भाजयुमो के प्रदेश मंत्री मोनू ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीते सोमवार को संस्कारधानी में 510 करोड़ रुपए के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण कर विकास को एक नई दिशा दी। विकास कार्यों के लिए भाजयुमो प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद संतोष पांडे सहित भाजपा नेतृत्व का आभार जताया है।



मोनू बहादुर ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि भाजपा की सरकार में विकास कार्यों की गंगा बहाने का काम पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने किया था और लगातार पंद्रह वर्षों तक प्रदेश में विकास की गंगा बहती रही और अब मौजूदा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी प्रदेश के विकास को नए आयाम दिए हैं। मोनू ने सभी का आभार जताते कहा कि 19 गांव के 8 हजार एकड़ में सिंचाई क्षमता बढ़ाने की सोच, शिवनाथ नदी पर सस्पेंशन ब्रिज का निर्माण, सोयाबीन उत्पादन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर, मोहारा मेला ग्राउंड से ऑक्सीजोन तक ब्रिज का निर्माण ये सभी कार्य ना सिर्फ भाजपा सरकार की दूरदर्शी सोच को दर्शाते हैं, बल्कि यह साबित भी करते हैं कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो जाति, धर्म से ऊपर उठाकर केवल विकास की राह पर चलती है।

## खबर संक्षेप

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मनाया बलिदान दिवस



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत बोड़तरा खुर्द बूथ क्रमांक 191 में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की बलिदान दिवस पर आज ग्राम पंचायत बोड़तरा खुर्द के बूथ अध्यक्ष व सरपंच कपिल दीवान, के साथ नरेंद्र निर्मलकर भाजपा ओबीसी मोर्चा पंडरिया मंडल अध्यक्ष, दिनेश श्रीवास भाजपा ओबीसी मोर्चा पंडरिया मंडल मीडिया प्रभारी, संजय निर्मलकर भाजपा किसान मोर्चा निगरानी सदस्य, संतोष साहू, सुखदेव चंद्रवंशी, कपिल चंद्रवंशी, बालाराम यादव व ग्रामवासी की उपस्थिति में ग्राम पंचायत में विधि विधान से पूजा अर्चना कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

### बिरकोना में योग दिवस विद्यार्थियों ने लिया भाग



**कवर्धा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 को हॉयर सेकेन्ड्री स्कूल बिरकोना में आयोजित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस में स्कूल के विद्यार्थी, गणमान्य नागरिकों ने अधिक संख्या में भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस खेल अवसर में मुख्य अतिथि सरपंच श्री मनोज साहू, पूर्व सरपंच श्री सूरेश चन्द्रवंशी, प्राचार्य शा.उ.मा.वि. बिरकोना श्री रविन्द्र चन्द्रवंशी एवं योग प्रशिक्षक श्री मुन्ना कौशिक, बी.के कौशिक एवं डिप्टी कलेक्टर प्रभारी खेल अधिकारी श्री आर.बी. देवांगन, सहायक खेल प्रभारी श्री केशलाल साहू की अध्यक्षता में आयोजन सम्पन्न कराया गया।

### फर्जी लिंक एवं साइबर ठगी से रहें सावधान

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य में ई-चालान से संबंधित साइबर धोखाधड़ी के मामले सामने आने के बाद परिवहन विभाग ने आम नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कुछ साइबर अपराधी परिवहन विभाग की वेबसाइट की हूबहू नकल (क्लोन पेज) तैयार कर फर्जी ई-चालान संबंधी संदेश भेज रहे हैं और लोगों को ट्रैफिक नियम उल्लंघन का भय दिखाकर उनकी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी प्राप्त कर आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिला परिवहन अधिकारी श्री गौरव पाटले ने बताया कि साइबर ठग मोबाइल पर संदेश या लिंक भेजकर ई-चालान भुगतान के नाम पर लोगों को फर्जी वेबसाइट पर ले जाते हैं, जहां उनकी गोपनीय जानकारी और बैंक खाते से संबंधित विवरण हासिल कर ठगी की जाती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें तथा ई-चालान भुगतान के लिए केवल परिवहन विभाग की अधिकृत वेबसाइट का ही उपयोग करें।

### कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# नक्शा बटांकन व राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लाएं तेजी-कलेक्टर

- आयुष्मान-वय वंदना कार्ड निर्माण व आवास निर्माण कार्यों की प्रगति पर जोर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सोमवार को आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने नक्शा बटांकन कार्य की तहसीलवार समीक्षा करते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां संबंधित पटवारियों के लिए प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने अपर कलेक्टर को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने तथा प्रगति की सतत समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एग्रीस्टेक योजना के अंतर्गत किसान पंजीयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित तहसीलदारों को शेष किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत पंजीकृत किसानों के छूटे हुए खसरों के अपडेशन कार्य को भी प्राथमिकता के साथ पूरा करने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी तहसीलदारों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए और राजस्व सेवाओं का लाभ लोगों को समय पर मिलना चाहिए।

बैठक में सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और शिकायत निवारण व्यवस्था की प्रभावशीलता समयबद्ध कार्रवाई पर निर्भर करती है। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रतिदिन अपने डैशबोर्ड का अवलोकन करने और लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी सक्रिय रूप से शिकायतों के समाधान के लिए निर्देशित करें, ताकि नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके। आयुष्मान भारत कार्ड एवं वय वंदना कार्ड निर्माण की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामवार लंबित हितग्राहियों की सूची महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ साझा कर पात्र हितग्राहियों से संपर्क करते हुए अभियान चलाकर लक्ष्य की शीघ्र पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश भी दिए।

#### निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए



बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों की ब्लॉकवार समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा स्वीकृत आवासों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, एडीएम विनय पोयाम, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# तीन खिलाड़ियों का खेल अकादमी में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

विकासखंड बोड़ला के पी एम श्री सेजेस स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बोड़ला के विद्यार्थियों ने खेल के क्षेत्र में एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की दो छात्राओं का चयन रायपुर खेल अकादमी और एक छात्र का चयन बिलासपुर खेल अकादमी के लिए हुआ है।

जिसमें दीपिका पटेल कक्षा 9वीं रायपुर खेल अकादमी नीलिमा पटेल कक्षा 7वीं रायपुर खेल अकादमी रितिक दिवाकर कक्षा 9वीं बिलासपुर खेल अकादमी कड़े ट्रायल और उत्कृष्ट प्रदर्शन से मिली सफलता विद्यालय के पीटीआई जगतारण झरिया ने बताया कि इन बच्चों का चयन अकादमी के कड़े चयन ट्रायल में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर हुआ है।

कोच बृजेश चंद्रवंशी ने जानकारी दी कि रायपुर स्थित आवासीय खेल अकादमी में हॉकी के लिए आयोजित चयन ट्रायल में इन बच्चों ने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर इनका चयन आवासीय अकादमी के लिए किया गया है।

कोच ने बताया कि अकादमी में चयनित इन खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण कोचिंग निःशुल्क आवासीय सुविधा संतुलित एवं पौष्टिक आहार खेल सामग्रियां और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मैदान में खेल प्रतिभाओं को तराशने का काम लगातार जारी है। प्रतिदिन सुबह और शाम को बच्चों को नियमित अभ्यास कराया जाता है, जिसमें वर्तमान में 60 से 70 बच्चे कड़ी मेहनत कर प्रशिक्षण ले रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य विजय खरे ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय और वनांचल क्षेत्र के लिए बड़े गौरव का विषय है।

# टिकरीपारा में स्वास्थ्य व जागरूकता का दिया संदेश



- विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला टिकरीपारा में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पालक माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित व्यायाम के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठिका आरती पाण्डेय ने किया। उन्होंने उपस्थित पालक माताओं को वृक्षासन, ताड़ासन, शशकासन, पद्मासन, मकरासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। साथ ही भ्रामरी, अनुलोम-विलोम जैसे प्राणायाम के लाभों की जानकारी देते हुए नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विभिन्न रोगों के अनुसार उपयुक्त योगासन करने की जानकारी भी दी।

सहायक शिक्षिका तबस्सुम बेगम ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, सक्रिय और तनावमुक्त जीवन जी सकता है। उन्होंने सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में श्रीमती आघानिया, मिथिला, इंदिरा, गायत्री, ललिता, निराला, नेतिया, निर्मला, ललिता एवं शीतला सहित बड़ी संख्या में पालक माताएं उपस्थित थें, सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# केशलीगोड़ान मे शाला प्रवेशोत्सव पर विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 2026 का आयोजन प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला केशलीगोडान में उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक, पुष्पहार एवं स्वागत कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सभापति थानेश्वर जायसवाल तथा अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि अंतूराम पटेल ने की।

विशिष्ट अतिथियों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर, सेवानिवृत्त शिक्षाविद् आर मेहरा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्रीमती रमेशिया पटेल उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार एवं नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण तब रहा जब शिक्षा जगत के सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक आर मेहरा ने कक्षा छठवीं के 29 नवप्रवेशी विद्यार्थियों को चरण पादुका भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। उनका यह प्रेरणादायी कार्य शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बना।

शाला परिवार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के माध्यम से सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र निर्माण का संकल्प दोहराया।

# कबीर कुटी के पास सड़क दुर्घटना महिला गंभीर, जिला अस्पताल रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

जिले के बोड़ला स्थित कबीर कुटी के पास मंगलवार को एक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम खुर्सीपार निवासी लसन पटेल को एक मोटर साइकिल सवार ने टक्कर मार दी।

हादसे में महिला के सिर पर गंभीर चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद डॉ मुकुल राजपूत ने बताया कि महिला को हेड इंजरी होने के कारण बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय, कवर्धा रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि हादसा उस समय हुआ जब कबीर कुटी परिसर में तहसील स्तरीय कबीर जयंती कार्यक्रम आयोजित होने के कारण क्षेत्र में काफी भीड़ और यातायात का दबाव था।

इसी दौरान नया मोटरसाइकिल लेकर घर जा रहा एक युवक भीड़भाड़ के बीच वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और यह दुर्घटना हो गई। फिलहाल महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सेवा सेतु से एक ही मंच पर सेवाओं के मिलने से नागरिकों को होगी सहूलियत

सेवा सेतु
जनता के द्वार, डिजिटल सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन ने प्रशासनिक सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और जनसुलभ बनाने की दिशा में लोक सेवा केन्द्रों का उन्नयन सेतु केन्द्र के रूप में किया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरू की गई इस व्यवस्था के तहत अब आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र, नाम परिवर्तन संबंधी राजपत्र अधिसूचना तथा भू-नकल सहित 441 से अधिक शासकीय सेवाएं एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिले में सेवा सेतु केन्द्रों का विस्तार वर्तमान में जिले के सभी 08 तहसील कार्यालयों में सेवा सेतु केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त जिले के 332 सेवा सेतु केन्द्रों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ मिल रहा हैं। इससे दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों के नागरिकों को अपने क्षेत्र में ही विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा।

सेवा सेतु, जनता के द्वार, डिजिटल सरकार सेवा सेतु के माध्यम से शासन की विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का लाभ नागरिकों तक सरल, सुगम और समयबद्ध तरीके से पहुंच रहा है। सभी सेवाओं के लिए निर्धारित समय-सीमा तय की गई है, जिससे आम नागरिकों को तय अवधि के भीतर सेवाओं का लाभ मिल रहा है। एक ही प्लेटफॉर्म पर सेवाओं के संचालन से नागरिकों को अनेक लाभ प्राप्त हो रहे हैं। अलग-अलग विभागों और पोर्टलों पर निर्भरता कम हुई है तथा एक ही स्थान पर सेवाओं की उपलब्धता से समय, श्रम और आर्थिक संसाधनों की बचत हो रही है। इससे सेवाओं की पहुंच बढ़ने के साथ प्रशासनिक प्रक्रिया अधिक सरल, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनी है। वही सेवा सेतु के माध्यम से आय प्रमाण-पत्र, मूल निवास, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र, नाम परिवर्तन अधिसूचना तथा भू-नकल संबंधी सेवाओं का भी व्यापक स्तर पर उपयोग किया जा रहा है।

#### सेवा सेतु में 86 से बढ़कर 441 सेवाएं

पूर्व में ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म पर केवल 86 सेवाएं उपलब्ध थीं। आवश्यकता को देखते हुए इसका उन्नत संस्करण सेवा सेतु विकसित किया गया, जिसमें अब 441 से अधिक सेवाएं शामिल की गई हैं। इनमें 54 नई सेवाएं जोड़ी गई हैं, जबकि विभिन्न विभागों की 329 री-डायरेक्ट सेवाओं का एकीकरण किया गया है। तीस से अधिक विभाग इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हुए हैं, जिससे नागरिकों को अलग-अलग पोर्टलों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है।

#### पंचायत स्तर पर उपलब्ध हुई विवाह प्रमाण-पत्र सेवा

पंचायत स्तर की सेवाओं को भी सेवा सेतु पोर्टल से जोड़ा गया है। इसके तहत विवाह प्रमाण-पत्र सेवा अब पंचायत स्तर पर ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिल रही है।

# कबीर प्राकट्य उत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला स्थित कबीर कुटी में सद्गुरु कबीर साहेब के प्राकट्य उत्सव पर तहसील स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्व वंदनीय सद्गुरु कबीर धनी धर्मदास साहेब, पंथ श्री हूजूर प्रकाश मुनि नाम साहेब, पंथ श्री हूजूर उदित मुनि नाम साहेब एवं चार गुरु वंश 42 की असीम कृपा से संपन्न हुआ।

बताया जाता है कि मंगलवार सुबह 6 बजे से ही बोड़ला तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कबीर पंथी समाज के अनुयायी, एसकेडीवी मिशन के प्रतिनिधि, समिति के सदस्य, साधु-संत, गुरूजन, आमीन-माता व महिला मंडल, नवयुवक मंडल तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम स्थल पहुंचने लगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे गुरु महिमा पाठ से हुई। इसके पश्चात सुबह 9 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने ध्वज-निशान के साथ नगर भ्रमण कर कबीर साहेब के संदेशों का प्रचार-प्रसार किया।

शोभायात्रा के बाद ध्वज-निशान पूजा, आनंदी चौका एवं आरती का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का समापन गुरुगोसाई दिलीप साहेब के करकमलों द्वारा संपन्न कराया गया। आयोजन में पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य महेश चंद्रवंशी भी शामिल हुए और समाजजनों को प्राकट्य उत्सव की शुभकामनाएं दीं।

एसकेडीवीएम के तहसील स्तरीय पदाधिकारी सहित सैकड़ों की संख्या में सकल कबीर पंथ समाज के अनुयायी उपस्थित थें।



#### कबीर वाणी व भजनों की प्रस्तुति दी

इस अवसर पर विभिन्न भजन मंडलियों ने कबीर वाणी और भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आसपास के दर्जनों गांवों से मंडलियों और टीमों ने पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



## खबर संक्षेप

### मक्के स्कूल में मनाया गया योग दिवस



**कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार की भाति इस वर्ष भी 21 जून को हर्षोउल्लास के साथ भारत सहित सभी देशों में धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। वहीं शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में योग दिवस मनाया गया, विद्यार्थियों को बताया गया है योग शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करता है, इसलिए दैनिक जीवन में योग को सम्मिलित करना। विश्व योग दिवस 21 जून को ही इसलिए मनाया जाता है, क्योकि यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता है, इस बीच योग में ग्राम पंचायत के सरपंच कार्तिक साहू, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष अयोध्या साहू व पालक झम्मन साहू, दानी साहू, प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, कपूरराम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल खांडे, युगल किशोर साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू और छात्र छात्राएं तथा रसोइया सम्मालित हुए।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**कवर्धा।** शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) योजना के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से प्रारंभ कर दी गई है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026-27 में छात्रवृत्ति आवेदन के लिए निर्धारित समय-सारणी के अनुसार नवीनीकरण आवेदन के लिए पोर्टल 20 जून से तथा नवीन आवेदन के लिए 01 अगस्त से प्रारंभ किया जाएगा। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण एवं स्वीकृति की समस्त कार्यवाही निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करते हुए छात्रवृत्ति का वितरण एवं भुगतान जनवरी 2027 तक पूर्ण किया जाएगा। छात्रवृत्ति के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के पालक की वार्षिक आय सीमा 2.50 लाख रुपये तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 1 लाख रुपये निर्धारित की गई है।

### बार-बार बंद हो रही बिजली सप्लाई, बढ़ी परेशानी

**कवर्धा।** कवर्धा व ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बूंदाबांदी और तेज हवा के चलते बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। मामूली मौसम परिवर्तन के बाद भी बिजली बंद होने से लोगों को परेशानी हो रही है। दिन व रात में कई बार बिजली गुल होने से घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। बिजली कटौती के कारण पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो रही है, क्योंकि बिजली नहीं रहने से मोटर पंप बंद पड़ जाते हैं। उमस भरे मौसम में बिजली बंद होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। वहीं बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग है।

# 1 जुलाई तक एचआर पॉलिसी लागू नहीं होने पर 2 से मनरेगा कर्मियों की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

केन्द्र सरकार द्वारा 1 जुलाई-2026 से मनरेगा के स्थान पर विकसित भारत जी राम जी योजना लागू किए जाने की तैयारी के बीच छत्तीसगढ़ के मनरेगा कर्मचारी अपनी सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा संबंधी मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर हैं।

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि 1 जुलाई तक कर्मचारियों के लिए मानव संसाधन एचआर पॉलिसी लागू नहीं की गई, तो 2 जुलाई 2026 से चरणबद्ध हड़ताल शुरू की जाएगी। रविवार को आयोजित महासंघ की प्रदेश स्तरीय वर्चुअल बैठक (वीसी) में प्रांतीय पदाधिकारियों, संभागीय अध्यक्षों, जिला एवं ब्लॉक अध्यक्षों तथा सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वीबी जी राम जी योजना लागू होने के साथ-साथ मनरेगा एवं नई योजना से जुड़े लगभग 12 हजार कर्मचारियों के लिए सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली एचआर पॉलिसी भी लागू की जानी चाहिए। महासंघ की प्रमुख मांगों में 62 वर्ष की आयु अथवा योजना अवधि तक सेवा सुरक्षा, निलंबन संबंधी स्पष्ट प्रावधान, अनुकंपा नियुक्ति, स्थानांतरण नीति, सेवा पुस्तिका संधारण, वार्षिक वेतन वृद्धि, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य कर्मचारी हितैषी प्रावधान शामिल हैं।

महासंघ के अध्यक्ष अजय क्षत्री ने कहा कि मनरेगा कर्मचारी पिछले लगभग 20 वर्षों से ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद आज तक उनके लिए सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा की स्थायी नीति लागू नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

### कर्मचारियों का आंदोलन सरकार के लिए बड़ी चुनौती

कर्मचारियों और आमजन की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि मनरेगा कर्मियों की सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए पूर्व में गठित समिति की अनुशंसाओं के आधार पर एचआर पॉलिसी 1 जुलाई तक लागू होती है या नहीं। यदि समय रहते नीति लागू नहीं होती है, तो नई योजना के क्रियान्वयन के साथ कर्मचारियों का आंदोलन सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकता है।

### मनरेगा कर्मचारी आंदोलन की रूपरेखा तैयार

बताया जाता है कि 2 जुलाई को जनपद स्तर, 3 जुलाई को जिला स्तर तथा 4 जुलाई को राज्य स्तर पर हड़ताल, रैली और विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। महासंघ ने 22 जून से सभी मंत्रियों, विधायकों एवं संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने तथा आंदोलन की तैयारियां शुरू करने का आह्वान किया है। महासंघ के पदाधिकारियों ने सभी कर्मचारियों से एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने और अपने भविष्य तथा परिवार की सामाजिक सुरक्षा के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है।

### सौगात: क्षेत्र के लिए 92.5 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की

# उप मुख्यमंत्री ने सुदूर वनांचल बैगा बाहुल्य क्षेत्र पहुंचकर किया जनसंपर्क

- वनांचल के अंतिम व्यक्ति तक विकास और मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र में बैगा बाहुल्य क्षेत्र के सघन दौरे पर रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और अपने चिर परिचित अंदाज में जमीन में बैठकर आत्मीयता के साथ उनसे चर्चा की। उन्होंने उनकी समस्या और मांगो को सुना और अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया।

जनसंपर्क और मुलाकात का यह क्रम सिर्फ बैठक तक सीमित नहीं रहा, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बैगा परिवारों के साथ भोजन भी किया और इस दौरान उनकी जरूरतों को समझते हुए अनेक मांगों पर तत्काल विकास कार्यों की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत केसमर्दा, दलदली, भुरसीपकरी, पीपरखुंटा एवं चेंदरादादर में पहुंचकर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं आश्रित ग्रामों के लिए 92.5 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की जिसमें सड़क, सामुदायिक भवन, देवगुड़ी, आंगनबाड़ी और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि विकास की मुख्यधारा से कोई भी गांव पीछे न रहे। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझना तथा उनका त्वरित समाधान करना है। सड़क, पेयजल, शिक्षा, आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवन और अन्य जरूरी सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है ताकि वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

उन्होने कहा कि सरकार चाहती है कि लोगों को अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भटकना न पड़े और विकास का लाभ हर गांव और हर परिवार तक पहुंचे। जनसंपर्क कार्यक्रमों के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे सहित जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।



**डिप्टी सीएम ने बैगा आदिवासियों के साथ किया भोजन**

जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सुदूर वनांचल क्षेत्र में बैगा परिवारों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन भी किया। इस दौरान उन्होंने आत्मीय बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं और मांगो को जाना और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

# सोमनाथ यात्रा हेतु 14 सदस्यों का दल रवाना



- भोरमदेव मंदिर प्रांगण से पवित्र माटी कलश और सकरी नदी से पवित्र जल कलश लेकर रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1 हजार वर्ष पूर्ण होने पर 22 से 26 जून तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सांस्कृतिक यात्रा आयोजित की गई है।

भारत वर्ष सोमनाथ मंदिर के 1 हजार वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव मनाते हुए अपने सांस्कृतिक इतिहास और धरोहरों पर गर्व की अनुभूति कर रहा है, वही दूसरी ओर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आस्था के अटूट पर्व पर 22 जून से 26 जून तक सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन कर नई चेतना का संचार किया जा रहा है। छत्तीसगढ के सभी जिलों से आए हुए 1 हजार से अधिक विशिष्टजनों को सोमनाथ स्वाभिमानयात्रा के लिए 22 जून को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरी झंडी दिखाकर रायपुर से सोमनाथ गुजरात के लिए स्पेशल ट्रेन से रवाना किया और इस मंगलमयी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।

इसी कड़ी में जिले के चारों विकासखण्डों से 14 विशिष्टजनों की टीम नोडल अधिकारी अवधेश नन्दन श्रीवास्तव के साथ जिले से रवाना हुई। यात्रा में शामिल होने वाले विशिष्टिजन बीरसिंग पटेल, नंदनी पटेल, मोहन धुर्वे, राजवंतिन धुर्वे, मिलूराम साहू, धान बाई साहू, लालाराम साहू, दुरपति साहू, नवल किशोर पांडेय, संतोष साहू, वीरेंद्र चंद्राकर, अखिलेश पाठक एवं विक्रम सिंह ठाकुर हैं। जो ऐतिहासिक एवं प्राचीन भोरमदेव मंदिर प्रांगण से पवित्र माटी कलश और सकरी नदी से पवित्र जल कलश लेकर रवाना हुए तथा यात्रा पश्चात 26 जून को सोमनाथ से वापस कवर्धा पहुंचेंगे।

# भाजपा मण्डल ने मनाया श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



- श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवनी पर डाला गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

भाजपा मण्डल कुण्डा अंतर्गत ग्राम अतरिया खुर्द में कार्यक्रम के वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश मिश्रा के गरिमामय उपस्थिति में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया, प्रदेश भाजपा संगठन के आह्वान पर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी एवं मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के निदेशानुसार मण्डल प्रभारी रूपेश जैन कार्यक्रम के संयोजक जिला कार्यकारणी सदस्य संतोष चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा दिनेश मिश्रा के गरिमामय उपस्थिति में पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान वक्ता श्री मिश्रा ने मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा दिए गए नारे एक देश में दो विधान दो प्रधान दो संविधान नहीं चलेगा को सांझा किया एवं देश के प्रति दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर नरेश साहू, नरेंद्र मल्लाह, परस सिंगरौल, मालिक राम यादव, गोदावरी साहू, ललित साहू, जगदीश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# कचरा एकत्रित करने चल रहा जागरूकता अभियान



- व्यवहार परिवर्तन को लेकर गांव-गांव में दस्तक दे रहे मैदानी कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में ठोस अपशिस्ट प्रबंधन नियम 2026 के क्रियान्वयन हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 60 ग्राम पंचायतों में चार प्रकार के डिब्बे में कचरा इकट्ठा करनें का काम हो रहा है। ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति और अधिक जागरूकता लाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

स्वच्छता दीदियों एवं विभागीय अमले के माध्येम से घर-घर सूखा कचरा, गीला कचरा, सेनेटरी कचरा को अलग-अलग लेने का काम हो रहा है। दीदियों द्वारा डोर-टू-डोर जाकर कचरा एकत्रित किया जा रहा है, साथ ही कचरे को बाहर नही फेंकने के लिए ग्रामीणों को समझाइस दी जा रही है। प्लास्टिक का कम उपयोग एवं इससे होने वाली नुक्सान के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी जा रहा है। प्लास्टिक का कम उपयोग करने और इसका पुनर्चक्रण करनें प्रेरित किया जा रहा है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन अनुसार गांव-गांव में नारा लेखन, चित्रकारी कार्य, चौपाल, स्कूली बच्चों के साथ स्वच्छता रैली, घर-घर संपर्क, वार्डवार बैठको के माध्यम से लोगों को जागरूक करनें प्रयास किया जा रहा है। खुले में कचरा फेंकने से होने वाली हानि, प्लास्टिक को नही जलाने, प्लास्टिक को नाली, तालाब, नदी एवं अन्य पानी के स्त्रोतों में नही फेकने की जानकारी स्वच्छता ग्राहियों द्वारा ग्राम पंचायत बैठको में बताया जा रहा है।

### कचरा कलेक्शन में सहयोग कर गांव को स्वच्छ बनाने अपील की गई

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत सिंघनपुरी जंगल, हथलेवा, राजपुर, बिरकोन के सरपंच, सचिव, पंच एवं आम नागरिक के साथ गत दिवस संवाद स्थापित किया गया, जिसमें ठोस अपशिस्ट प्रबंधन नियम के क्रियान्वयन पर जानकारी दी गई। बताया गया कि सभी नागरिक की सहभागिता जरूरी है जिससे लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। ग्रामीणों से अपील की गई है कि स्वच्छग्राही दीदियों द्वारा किए जा रहे कचरा कलेक्शन में सहयोग कर गांव को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग दे। चार प्रकार के कचरा डिब्बा जैसे हरा डिब्बा में गिला कचरा, सब्जी की छिलके, बचे हुवे भोजन इत्यादि, नीला डिब्बा में सुखा कचरा जैसे प्लास्टिक, लोहा, कांच, कागज, पुट्ठे इत्यादि, लाल डिब्बे में सेनेटरी कचरा, मास्क, बैंडेज इत्यादि काला डिब्बे में विशेष कचरा जैसे इलेक्ट्रिक कचरा, मेडिकल वेस्ट एवं बल्ब आदि।

### नैनो उर्वरकों से बदली ग्रामीण किसान दशरथ वर्मा की खेती

**कवर्धा।** जिले के ग्राम पंचायत उसलापुर के किसान दशरथ वर्मा आज उन प्रगतिशील कृषकों में शामिल हैं, जिन्होंने बदलते समय के साथ खेती की नई तकनीकों को अपनाकर अपनी कृषि को अधिक लाभकारी और सुविधाजनक बनाया है। परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए उन्होंने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग शुरू किया और अब उनकी यह पहल आसपास के किसानों के लिए भी प्रेरणा बन रही है। लगभग 4.50 एकड़ भूमि पर धान और गन्ने की खेती करने वाले श्री वर्मा बताते हैं कि पहले पारंपरिक उर्वरकों की भारी बोरियों को खेत तक पहुंचाना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती हुआ करती थी। दुकान से घर और फिर खेत तक 50 किलोग्राम की बोरियां ले जाना कठिन होने के साथ समय और श्रम दोनों की मांग करता था।

### खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 3 रजत एवं 3 कास्य पदक अपने नाम किए

# कवर्धा की बेटियों ने कराटे में दिखाया दमखम




हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

इंटरनेशनल ओलंपिक डे सेलिब्रेशन के अंतर्गत आयोजित नेशनल कराटे प्रतियोगिता में कवर्धा जिले की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 रजत एवं 3 कास्य पदक अपने नाम किए। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की 6 खिलाड़ियों ने मात्र दो माह के प्रशिक्षण के बाद राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मां भारतीय एकेडमी की कराटे प्रशिक्षक ज्योति बघेल ने बताया कि बेटियों को केवल दो माह पूर्व ही प्रशिक्षण देना प्रारंभ किया गया था।

सीमित संसाधनों और कराटे किट की अनुपलब्धता के बावजूद खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता तक का सफर तय किया। प्रतियोगिता में झारखंड, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों के अनुभवी और पेशेवर खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिनके बीच अपनी पहचान बनाना आसान नहीं था। इसके बावजूद कवर्धा की बेटियों ने आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करते हुए पदक हासिल किए। मां भारतीय एकेडमी के संचालक अश्वनी यदु ने इस उपलब्धि का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत के साथ-साथ पंडरिया विधायक भावना बोहरा को दिया। उन्होंने बताया कि विधायक भावना बोहरा के सहयोग से खिलाड़ियों के रायपुर में ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें प्रतियोगिता के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली खिलाड़ियों में यशश्विनी यदु, संस्कृति केशरवानी, दामिनी यादव एवं रागिनी निर्मलकर, डिंपल साहू तथा कामनी निषाद शामिल हैं।

### दामापुर सहित पूरे क्षेत्र को किया गौरवांवित

इस उपलब्धि पर दामापुर सहित पूरे क्षेत्र के लोगों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही मां भारतीय एकेडमी के संचालक अश्वनी यदु एवं उनकी टीम के प्रयासों की भी सराहना की। खिलाड़ियों को भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए और बेहतर प्रशिक्षण देकर तैयार किया जाएगा।

# हॉयर सेकेण्डरी स्कूल कामठी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वनांचल का गौरव शासकीय हॉयर सेकेण्डरी विद्यालय कामठी में भव्य एवं गरिमामय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं प्राचार्य ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया गया। इसके पश्चात योग प्रभारी कोमल धृतलहरें द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। विद्यार्थियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों से अवगत कराया गया तथा नियमित योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी के स्वस्थ, निरोग एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को उत्साह, अनुशासन एवं जन-जागरूकता के साथ सफलतापूर्वक मनाया। इस अवसर पर विद्यालय कें प्राचार्या श्रीमती हेमलता टंडन, व्याख्याता राजेश शर्मा, रामनाथ राजपूत, हीरालाल छापरीया, तुलस चंद्राकर, मनोज, आदित्य, यशवंत कुंभकार, हरीश यादव, लकेश यादव, बिहारी साहू व गणमान्य ग्रामीण जन सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें

